निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | बुधवार 27 अप्रैल 2022 | पीडीएफ अंक-07 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

### मौसम

अधिकतम –44 सूर्योदय – 5 : 45
न्यूनतम – 29 सूर्यास्त – 6 : 54

### सोना चांदी

सोना – 53495.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 65700.00 किलो

### अर्थसार

सैंसेक्स – 57356.61 निफ्टी – 17200.80
रु/यूएस डॉलर – 76.57 रु/यूरो – 81.73

## श्री नारायण गुरु ने भारत को उसके यथार्थ से परिचित कराया : प्रधानमंत्री मोदी

**– स्वतन्त्रता संग्राम केवल विरोध प्रदर्शन और राजनैतिक रणनीतियों तक ही सीमित नहीं था**

**– केदारनाथ त्रासदी के समय शिवगिरी मठ से आया फोन दिल छू लेने वाला था**

**– प्रधानमंत्री ने शिवगिरि तीर्थ यात्रा और ब्रह्म विद्यालय के संयुक्त समारोहों का लोगो किया लॉन्च**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि श्री नारायण गुरु ने भारत को उसके यथार्थ से परिचित कराया। उनका एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर का आह्वान हमारी राष्ट्रभक्ति की भावना को आध्यात्मिक ऊंचाई देता है। प्रधानमंत्री मोदी 7 लोक कल्याण मार्ग से शिवगिरि तीर्थ यात्रा की 90वीं वर्षगांठ और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती के वर्ष भर चलने वाले संयुक्त समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने शिवगिरि तीर्थ यात्रा और ब्रह्म विद्यालय के साल भर चलने वाले संयुक्त समारोहों का लोगो भी लॉन्च किया। शिवगिरि तीर्थयात्रा और ब्रह्म विद्यालय दोनों महान समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के संरक्षण और मार्ग-दर्शन के साथ शुरू हुआ था। 16 जून 2013 को उत्तराखंड में आई त्रासदी के दौरान संतों को बचाने के लिए शिवगिरी मठ से आये फोन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह फोन कॉल दिल को छू लेने वाला था। उत्तराखंड और केंद्र दोनों में कांग्रेस का शासन था और एके एंटनी मंत्री थे, लेकिन गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे कुछ फंसे संतों को बचाने के लिए शिवगिरी मठ से फोन आया। उन्होंने कहा, ह्लजब केदारनाथ जी में बहुत बड़ा हादसा हुआ। यात्री जीवन व मृत्यु के बीच जूझ रहे थे। उत्तराखंड में और केंद्र में तब कांग्रेस की सरकार। तब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री था। शिवगिरी मठ से मुझे फोन कॉल आया कि हमारे संत वहां फंस गए हैं, उनका पता नहीं लग रहा है और ये काम आपको करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश भी इस समय अपनी आजादी के 75 साल का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे समय में हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारा स्वतन्त्रता संग्राम केवल विरोध प्रदर्शन और राजनैतिक रणनीतियों तक ही सीमित



नहीं था। उन्होंने कहा कि ये गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने की लड़ाई तो थी ही, लेकिन साथ ही एक आजाद देश के रूप में हम होंगे, कैसे होंगे, इसका विचार भी था।

क्योंकि, हम किस चीज के खिलाफ हैं, केवल यही महत्वपूर्ण नहीं होता। हम किस सोच के, किस विचार के लिए एक साथ हैं, यह भी कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आज से 25 साल बाद देश अपनी आजादी के 100 साल मनाएगा, और दस साल बाद हम तीर्थदानम् के 100 सालों की यात्रा उत्सव भी मनाएंगे। इन सौ सालों की यात्रा में हमारी उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए और इसके लिए हमारा विजन भी वैश्विक होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीर्थदानम की 90 सालों की यात्रा और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारत के उस विचार की भी अमर यात्रा है, जो अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग माध्यमों के जरिए आगे बढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी में शिव की नगरी हो या वरकला में शिवगिरी, भारत की ऊर्जा का हर केंद्र, हम सभी भारतीयों के जीवन में विशेष स्थान रखता है। ये स्थान केवल तीर्थ भर नहीं हैं, ये आस्था के केंद्र भर नहीं हैं, ये ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न की भावना के जाग्रत प्रतिष्ठान हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देश, कई सभ्यताएं जब अपने धर्म से भटकीं, तो वहां आध्यात्म की जगह भौतिकतावाद ने ले ली। लेकिन, भारत के ऋषियों, संतों, गुरुओं ने हमेशा विचारों और व्यवहारों का शोधन और संवर्धन किया। उन्होंने कहा कि श्री नारायण गुरु ने आधुनिकता की बात की, लेकिन साथ ही उन्होंने भारतीय संस्कृति और मूल्यों को समृद्ध भी किया। उन्होंने शिक्षा और विज्ञान की बात की! लेकिन साथ ही धर्म और आस्था की हमारी हजारों साल पुरानी परंपरा का गौरव बढ़ाने में कभी पीछे नहीं रहे। उल्लेखनीय है कि शिवगिरी तीर्थ यात्रा हर साल तीन दिनों के लिए 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक तिरुवनंतपुरम के शिवगिरी में आयोजित की जाती है। श्री नारायण गुरु के अनुसार, तीर्थयात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच व्यापक ज्ञान का प्रसार और उनके समग्र विकास और समृद्धि में मदद करना था। इसलिए यह तीर्थयात्रा शिक्षा, स्वच्छता, धर्मपरायणता, हस्तशिल्प, व्यापार और वाणिज्य, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा संगठित प्रयास जैसे आठ विषयों पर केंद्रित है। 1933 में कुछ भक्तों द्वारा यह तीर्थयात्रा शुरू की गई थी, लेकिन दक्षिण भारत में अब यह प्रमुख आयोजनों में से एक बन गई है। हर साल दुनिया भर से लाखों भक्त जाति, पंथ, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर तीर्थयात्रा में भाग लेने के लिए शिवगिरी आते हैं। श्री नारायण गुरु ने सभी धर्मों के सिद्धांतों को समान रूप से सिखाने की कल्पना की थी। इस दृष्टि को साकार करने के लिए शिवगिरी के ब्रह्म विद्यालय की स्थापना की गई थी। ब्रह्म विद्यालय श्री नारायण गुरु के कार्यों और दुनिया के सभी महत्वपूर्ण धर्मों के ग्रंथों सहित भारतीय दर्शन पर 7 साल का पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है।

### न्यूज फ्लैश

## मुख्यमंत्री आवास तोड़फोड़ मामला, सांसद एवं भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष को पुलिस ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान की गई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने सांसद एवं भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या को नोटिस भेजा है। उन्हें 28 अप्रैल को सिविल लाइन थाने में पेश होने के लिये कहा गया है। इससे पहले पूर्व मेयर जयप्रकाश और भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासु रुखड्ड सहित 10 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

**क्या था पूरा मामला –** पुलिस के मुताबिक बीते एक अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री आवास के पास प्रदर्शन किया था। यह प्रदर्शन विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा फिल्म ह्यद कश्मीर फाइल्सह्न को लेकर दिए गए बयान के विरोध में आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने जाकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर तोड़फोड़ की थी। उन्होंने बूम बैरियर एवं सीसीटीवी को तोड़ने के अलावा मुख्य गेट पर पेंट गिराया था। इस घटना को लेकर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। लगभग दो सप्ताह जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिली थी। इस मामले में आगे जांच करने के बाद पुलिस ने पूर्व मेयर जयप्रकाश और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासु रुखड्ड को गिरफ्तार किया था, लेकिन दोनों को थाने से ही जमानत दे दी गई थी। अब पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या को नोटिस भेजा है जिनकी अगुवाई में यह प्रदर्शन आयोजित हुआ था। पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश पर जांच अधिकारी की तरफ से यह नोटिस भेजकर उन्हें 28 अप्रैल को सिविल लाइन्स थाने में बुलाया गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो इस मामले में अभी तक लगभग दो दर्जन आरोपितों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें से 10 लोगों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में सात साल से कम सजा का प्रावधान है जिसकी वजह से गिरफ्तार होने वाले आरोपितों को थाने से ही जमानत दी जा रही है। केवल पहले आठ आरोपितों को ही इस मामले में जेल भेजा गया था। फिलहाल इस मामले में अभी 14 ऐसे आरोपित हैं जिनकी पहचान पुलिस ने कर ली है।

## दिल्ली और पंजाब की सरकारों के बीच नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** दिल्ली और पंजाब की सरकारों ने मंगलवार को नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दोनों राज्यों की सरकारों ने नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये भारत के इतिहास में बहुत अनोखा मामला है जब किसी राज्य की सरकार दूसरे से कुछ सीखने के लिए एग्रीमेंट साइन कर रही हैं। केजरीवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक दूसरे से सीखना और आगे बढ़ना है। यह एक बड़ा डेवलपमेंट है। उल्लेखनीय है कि समझौते के पहले पंजाब के सीएम भगवंत मान ने दिल्ली के स्कूलों का दौरा कर दिल्ली मॉडल का अध्ययन किया। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया था कि भविष्य में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पंजाब में दिल्ली एजुकेशन मॉडल को लागू किया जाएगा। इस दौरान पंजाब के सीएम सीएम भगवंत मान ने दिल्ली के स्कूलों की तारीफ करते हुए कहा कि दिल्ली में वर्ल्ड क्लॉस इंन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ इतने शानदार स्कूलों को देखना गजब का अनुभव है।

## दिल्ली के अमर कॉलोनी मार्केट में लगी आग

**नई दिल्ली।** राजधानी में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। दक्षिण पूर्वी जिले के अमर कॉलोनी मेन मार्केट की एक दुकान में आग लगने की घटना आई हैं। दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। जानकारी के मुताबिक आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर कुलिंग का कार्य जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि मंगलवार दोपहर 2.40 बजे सूचना मिली कि अमर कॉलोनी मेन मार्केट लाजपत नगर उ-15 दुकान में आग लग गई है। इसके बाद मौके पर दमकल की 10 गाड़ियों को भेजा गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि, मौके पर कुलिंग ऑपरेशन जारी है। वहीं इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## सुब्रमण्यम की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में गिरफ्तार सह-आरोपित आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। मंगलवार को स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने दोनों पक्षों की आंशिक दलीलें सुनीं। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। इसके पहले 24 मार्च को कोर्ट आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आनंद सुब्रमण्यम की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपित को लग रहा था कि हिमालयन योगी बनकर छिपे रहेंगे लेकिन सीबीआई ने इनको पकड़ लिया। 9 मार्च को कोर्ट ने सीबीआई को धीमी जांच के लिए फटकार लगाई थी। इस पर सीबीआई ने कहा था कि हम गंभीरता से जांच कर रहे हैं और इसकी जांच के लिए 30 अधिकारियों की एक स्पेशल टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। सीबीआई ने कहा था कि उसने इस मामले में एनएसई के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रवि नारायण से भी पूछताछ की है। आनंद सुब्रमण्यम ने 9 मार्च को इस मामले में अपनी जमानत याचिका दायर की थी। आनंद सुब्रमण्यम को 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

## अतिक्रमण हटाने गए डीडीए कर्मचारियों से बदसलूकी

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला के बुध विहार इलाके में अवैध निर्माण तोड़ने और अतिक्रमण हटाने गए डीडीए कर्मचारियों से बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। टीम के नेतृत्व कर रहे नायब तहसीलदार ने बुध विहार थाने में एक शिकायत दी है, जिसमें उसने रिठाला के पूर्व भाजपा विधायक पर कार्रवाई को रोकने का प्रयास करने, गाली गलौज करने और धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस नायब तहसीलदार की शिकायत पर पूर्व विधायक के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। मंगोलपर कलां निवासी नरेश कुमार डीडीए में बतौर नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत है। वह दीपाली चौक स्थित कार्यालय में तैनात हैं। नरेश कुमार ने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि उनके नेतृत्व में डीडीए कर्मचारियों की एक टीम बुध विहार में अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 11.45 बजे कार्रवाई शुरू होते ही रिठाला के पूर्व भाजपा विधायक कुलवंत राणा वहां पहुंच गए और उन्होंने तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होने हस्तक्षेप कर उसे रोकने की कोशिश करने लगे। वहां काम कर रहे कर्मचारियों के साथ गाली गलौज की और उन्हें धमकाया। अपनी शिकायत में नरेश कुमार ने बताया कि घटना के दौरान कोई हाथापाई और शारीरिक हमला नहीं किया गया। दोनों के बीच बहस हुई। टीम ने अपनी कार्रवाई पूरा करने के बाद पुलिस को शिकायत की।

## मंत्री और अफसर करेंगे चल-अचल सम्पत्ति की घोषणा

**–मंत्रिपरिषद की विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फैसला**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंत्रियों और अफसरों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को अक्षरसः पालन करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिपरिषद समूह की विशेष बैठक में सभी मंत्रियों और नौकरशाहों को उनकी सम्पत्ति घोषित करने को कहा है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से कई मंत्रियों और अफसरों की परेशानी बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जनप्रतिनिधियों के आचरण की शुचिता अति आवश्यक है। इसी भावना के अनुरूप सभी मंत्री शपथ लेने के अगले तीन माह की अवधि



के भीतर अपने और अपने परिवार के सदस्यों की समस्त चल-अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करें। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मंत्रियों के लिए निर्धारित आचरण संहिता का पूरी निष्ठा से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोक सेवकों (आईएएस/पीसीएस) को भी अपनी व परिवार के सदस्यों की समस्त चल-अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करनी होगी। यह विवरण आमजनता के अवलोकनार्थ ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए। ताकि प्रदेश की जनता सरकार से जुड़े लोगों के बारे जान सके। मुख्यमंत्री ने एक और महत्वपूर्ण फैसला किया है। अब योगी सरकार के मंत्री के परिजन किसी भी शासकीय कार्य में दखल नहीं दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इस विशेष बैठक में स्पष्ट तौर पर कहा है कि सभी मंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि शासकीय कार्यों में उनके पारिवारिक सदस्यों का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। हमें अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करना होगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों से मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद के बेटे सांसद प्रवीण निषाद के शासकीय कार्यों में दखल की बातें सामनें आ रही हैं। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से अन्य मंत्री भी सावधान हो जाएंगे।

## प्रशांत किशोर ने कांग्रेस में शामिल होने से किया इनकार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों पर विराम लग गया है। वह अब कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोर ने खुद ही कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर दिया है। सुरजेवाला ने किशोर के प्रयासों और कांग्रेस को दिए गए सुझावों की सराहना की। सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा कि प्रशांत किशोर के साथ चर्चा और प्रेजेंटेशन दिए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक इंपावर्ड एक्शन ग्रुप 2024 का गठन किया है। उन्हें इसका हिस्सा बनने और कांग्रेस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन किशोर ने



कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर दिया है। वहीं, प्रशांत किशोर ने भी खुद कांग्रेस में शामिल नहीं होने की पुष्टि की। किशोर ने ट्वीट कर कहा, ह्ल मैंने इंपावर्ड एक्शन ग्रुप का हिस्सा बनने और कांग्रेस में शामिल होने तथा चुनावों की जिम्मेदारी लेने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने अपने ट्वीट में आगे कहा कि कांग्रेस में संरचनात्मक समस्याएं गहरी हैं। कांग्रेस में परिवर्तनकारी सुधारों की जरूरत हैं। मुझसे ज्यादा पार्टी को नेतृत्व और सामूहिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। हालांकि, कांग्रेस सूत्रों की मानें तो प्रशांत किशोर खुद को कांग्रेस का अघोषित रणनीतिकार और कांग्रेस में दूसरे नंबर पर रहना चाहते थे, किंतु सोनिया ने उन्हें केवल इंपावर्ड एक्शन ग्रुप का हिस्सा बनने और चुनावों की जिम्मेदारी तक ही सीमित रखना उचित समझा। इस कारण किशोर ने कांग्रेस में बड़ी भूमिका न देश पार्टी में शामिल होने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ दिनों में प्रशांत किशोर ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के समक्ष वर्ष 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर प्रेजेंटेशन देकर पार्टी को मजबूत करने की सलाह दी थी। इसके बाद से ही उनके कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज हुईं।

## इग्नू के प्रोफेसर भगवान हनुमान की तरह अपनी शक्तियों से हैं अनजान : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) को विश्व का ज्ञान केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने विदेशों में शिक्षा को पहुंचाने के साथ-साथ देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में गरीब और वंचित वर्ग तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पहुंचने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आह्वान किया। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इग्नू के बाबा साहेब अम्बेडकर कन्वेंशन सेंटर में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के 35 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। समारोह के दौरान 2 लाख 91 हजार 588 डिग्री में से 60,570 छात्रों को ब्लॉकचेन आधारित डिजिटल डिग्री के साथ-साथ छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक आर्थिक महाशक्ति में बदलने के लिए हमारी शिक्षा प्रणाली को एक आदर्श बदलाव की जरूरत है। 21वीं सदी ज्ञान की सदी है और उम्मीद है कि इग्नू यह सुनिश्चित करेगा कि ज्ञान डिजिटल और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से सभी तक पहुंचे। कूचबिहार जैसे दूर-दराज के क्षेत्र में इग्नू द्वारा अध्ययन सामग्री पहुंचाये जाने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए प्रधान ने कहा कि इग्नू के प्रोफेसर भगवान हनुमान की तरह हैं, जो अपनी शक्तियों से अनजान हैं। उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा, इग्नू शिक्षा और ज्ञान को दूर-दराज के कोने-कोने और सबसे गरीब तक पहुंचाने में आधुनिक भगवान हनुमान के रूप में उभरा है। 21वीं सदी ज्ञान की सदी है। हम भारत को ज्ञान आधारित आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, तो अपने शिक्षा परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव सुनिश्चित करना चाहिए। इग्नू की उपलब्धियों को राष्ट्रीय सफलता की कहानी बताया शैक्षणिक नीति को एनईपी -2020 के अनुरूप रखने के लिए संस्थान की सराहना करते हुए कहा एनईपी हमारी शिक्षा और कौशल के परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक कदम है।

## कोरोना के 2,483 नए केस, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटी

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना के 2,483 नए केस सामने आए जिससे देश में संक्रमित हुए की संख्या बढ़कर 4,30,62,569 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,636 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, असम में संक्रमण से मौत के मामलों के पुनःमिलान के बाद 1,347 मामले और केरल में मौत के 47 मामले सामने आये इसके बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,23,622 हो गई है। केरल में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत का कोई मामला सामने नहीं आया। यह 47 मामले भी आंकड़ों के पुनःमिलान के बाद सामने आए। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,636 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में



886 की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है। संक्रमण की दैनिक दर 0.55 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.58 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,25,23,311 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 187.95 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 1399 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से असम और केरल में आंकड़ों के पुनःमिलान के बाद सामने आए मामलों के अलावा पंजाब में संक्रमण से मौत के चार और दिल्ली में एक मामला सामने आया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की कोरोना वायरस के संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## थाने में वकील की पिटाई लगाने पर एसआई लाइन हाजिर

**नई दिल्ली।** नंद नगरी थाने में वकील की पिटाई लगाने के आरोपित एसआई सचिन डांगी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। काफी समझाने के बाद वकील ने भी अपनी शिकायत थाने से वापस ले ली है। वकील एसआई के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर अड़े थे। सोमवार दोपहर में पुलिस उपायुक्तों, जिला न्यायाधीशों और बार एसोसिएशन के वकीलों के बीच बैठक हुई थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। हालांकि वादे के मुताबिक पुलिस ने एसआई को राहत देखते हुए उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट में वकालत करने वाले वकील नीरज झा एक केस के सिलसिले में रविवार को नंद नगरी थाने पहुंचे थे। वहां किसी बात पर नीरज की थाने में तैनात एसआई सचिन डांगी से तू-तू-मैं-मैं हो गई। इस दौरान आरोप है कि एसआई ने वकील नीरज की पिटाई कर उसके पेट पर कुत्ते से कटवा दिया। घटना के बाद नीरज की थाने में कोई सुनवाई भी नहीं की गई। इसके बाद नीरज वहां से चले गए। सोमवार सुबह कोर्ट खुला तो वहां खूब बवाल हुआ। कोर्ट पहुंचने वाले पुलिस कर्मियों को वकीलों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कोर्ट में वकीलों ने धरना भी दिया। दोपहर को पुलिस उपायुक्तों, जिला न्यायाधीशों और शाहदरा बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई। उसमें वकील की पिटाई करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने उसी में कार्रवाई करते हुए एसआई को लाइन हाजिर किया।

DELHI CRIME 27 apr 2022:Layout 1 4/26/2022 7:08 PM Page 2



# सम्पादकीय

## "मुफ्त योजनाएं आर्थिक तबाही ला सकती हैं राज्यों में

हमारे देश में वोटों की राजनीती और तुष्टिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकारें नित्य नयी नयी योजनाओं की घोषणा कर मध्यम वर्ग पर अनावश्यक करों (टेक्स) का बढ़ा रही हैं। उन योजनाओं की भरपाई जनता से या द्वारा कराया जा रहा हैं। यह कितना उचित हैं, जिस टेक्स के पैसों से अधोसंरचना पर खरच होना चाहिए उसे वोटों के खातिर खर्च किया जा रहा हैं उससे देश में निठ्ठलापन, कामचोरी, हरामखोरी को मनोवृत्ति बढ़ रही हैं और बढ़ चुकी हैं। ये बातें अनेकों अर्थशस्त्रियों, विशेषज्ञों के द्वारा जताई और बताई जा रही हैं और अंध, मूक, बधिर सरकारें अप्रभावित हैं, इससे देश का भविष्य अंधकारमय और पतन की ओर जा रहा हैं और जायेगा।

कूबत कम गुस्सा ज्यादा लक्षण हैं पिट जाने का,
आमद कम खरचा ज्यादा लक्षण हैं पिट जाने का

इसी बात को कहा गया हैं की "मुफ्त योजनाएं आर्थिक तबाही ला सकती हैं राज्यों में "इसका जीता जागता उदहारण श्री लंका हैं। चार्वाक का सिद्धांत की कर्ज लेकर घी पियों। पर नीति- शास्त्रों में लिखा हैं जो राज्य ,परिवार कर्ज पर आधारित होकर अपना जीवन यापन करता या कराता हैं वह निश्चित दुःख का पात्र हैं। पर दिन रात चिंता से ग्रस्त रहता हैं और जनता सुखी नहीं होती और न परिवार। बात रामराज्य के समय की हैं। जब राम, लक्ष्मण, सीता जी वनवास में घूम रहे थे। पंचवटी में सीता जी को पर्णकुटीर बनवाने का मन हुआ। उन्होंने श्री राम के समक्ष इच्छा जाहिर की। रामजी ने लक्ष्मण से सीता की बात बताई। लक्ष्मण ने बात सुनकर पास के गाँव में जाकर ग्राम वासियों से कहा मैं लक्ष्मण राजा दसरथ का पुत्र, रामजी का छोटा भाई और जगतनंदनी सीता का देवर हूँ। सीता जी ने यहाँ पर पर्णकुटीर बनवाने की इच्छा जाहिर की हैं ,आपके सहयोग की अपेक्षा हैं। दूसरे दिन तीनो लोग गांववासियों का इंतजार कर रहे थे। दोपहर तक कोई नहीं आया तो रामजी ने लक्ष्मण से कहा देखों गांववासी क्यों नहीं आये काम के लिए? लक्ष्मण क्रोध में दोपहर में गाँव गए ,वहां देखा कोई भोजन कर रहा हैं, कोई बच्चा खिला रहा हैं, कोई बीड़ी पी रहा और कोई आराम कर रहा। लक्षण ने गांववासियों से पूछा आप लोग काम पर क्यों नहीं आये तब वे बोले रामजी की कृपा से अभी हमारे पास सब सुख सुविधाएँ हैं, कोई चीज की कमी नहीं हैं। तब लक्ष्मण ने रामजी से कहा आपकी कृपा से सब सुखी हैं इसलिए कोई काम पर नहीं आये। इसके लिए आधे लोगों को भूखे रखे तब वे काम पर आएंगे।


मुफ्त राशन बांटने, कर्ज माफी करने की अपेक्षा उनको आत्म निर्भर बनाये और उनको श्रम का महत्व बताएं। आज ८० करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटना जिस कारण वे मुफ्त खोर होकर पराश्रित हो रहे हैं सिर्फ वोट बैंक के कारण। वे ही लोग जब सहायता नहीं मिलेंगी विरोध करेंगे, राजद्रोह करेंगे, सत्ता से च्युत कर देंगे। हम मध्यम वर्ग को कितना कुचलेंगे ,मंहगाई सरकारों को डंस लेगी। ये दीमक तरह सरकारों को खोखला कर देंगी। सत्ताशीन ह्रदयहीन और निरकुंश होकर शोषण कर रहे हैं वह भी कब तक? आप गरीब को अमीर नहीं बना सकते और इस प्रक्रिया से भविष्य में वे पराधीन होकर नाकारा हो जायेंगे। राम राज्य की कल्पना करना बेमानी हैं। हां सब सुखी रहें ,चरित्रवान बने ,देश हिट में कार्य कर सहयोग और भागीदारी निभाएं ना की बोझ बने। हम इस प्रकार से देश में मुफ्तखोरी का नशा देकर आलसी बनाकर नपुंसक और लाचार निवासी बनाने जा रहें हैं ,हराम का खाने का व्यसन कर कर्महीन संस्कारों से फलीभूत कर रहें हैं। जिनको दूध पिलाओगे वे ही विषवमन करते हैं।

सम्बल जरूर दो पर स्वाभिमानी रहने दो
कम बल वाले बनाकर नपुंसक न बनाओ
निर्धन के पास धन न हो पर आत्मबल रहने दो
कब तक उन्हें परजीवी बनाकर रहने दोगें।
सर्प को दूध पिलाओं विषवमन करेंगे
जिनका आत्म चरित्र नहीं होगा वे विश्वासघात करेंगे।

## सत्य के साथ सामाजिक दायित्व का निर्वाह भी करती है पत्रकारिता



लेखक- प्रवीण कक्कड़ /ईएमएस




एक जमाने में कहा जाता था कि भारतीय समाज में 3 सी सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। सिनेमा, क्रिकेट और क्राइम। लेकिन आज के सार्वजनिक संवाद को देखें तो इन तीनों से ज्यादा लोकप्रिय अगर कोई चीज है तो वह है पत्रकारिता। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल अपने इन तीनों स्वरूपों में पत्रकारिता 24 घंटे सूचनाओं की बाढ़ समाज तक पहुंचाती है और लोगों की राय बनाने में खासी मदद करती है। जैसे-जैसे समाज जटिल होता जाता है, वैसे वैसे लोगों के बीच सीधा संवाद कम होता जाता है और वे सार्वजनिक या उपयोगी सूचनाओं के लिए मीडिया पर निर्भर होते जाते हैं। उनके पास जो सूचनाएं ज्यादा संख्या में पहुंचती हैं, लोगों को लगता है कि वही घटनाएं देश और समाज में बड़ी संख्या में हो रही हैं। जो सूचनाएं मीडिया से छूट जाती हैं उन पर समाज का ध्यान भी कम जाता है। आजकल महत्व इस बात का नहीं है कि घटना कितनी महत्वपूर्ण है, महत्व इस बात का हो गया है कि उस घटना को मीडिया ने महत्वपूर्ण समझा या नहीं। जब मीडिया पर इतना ज्यादा एतबार है तो मीडिया की जिम्मेदारी भी पहले से कहीं अधिक है। आप सब को अलग से यह बताने की जरूरत नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के अलावा मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। मजे की बात यह है कि बाकी तीनों स्तंभ की चर्चा हमारे संविधान में अलग से की गई है और उनके लिए लंबे चौड़े प्रोटोकॉल तय हैं। लेकिन मीडिया को अलग से कोई अधिकार नहीं दिए गए हैं। संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी का जो अधिकार प्रत्येक नागरिक को हासिल है, उतना ही अधिकार पत्रकार को भी हासिल है। बाकी तीन स्तंभ जहां संविधान और कानून से शक्ति प्राप्त करते हैं, वही मीडिया की शक्ति का स्त्रोत सत्य, मानवता और सामाजिक स्वीकार्यता है। अगर मीडिया के पास नैतिक बल ना हो तो उसकी बात का कोई मोल नहीं है। इसी नैतिक बल से हीन मीडिया के लिए येलो जर्नलिज्म या पीत पत्रकारिता शब्द रखा गया है। और जो पत्रकारिता नैतिक बल पर खड़ी है, वह तमाम विरोध सहकर भी सत्य को उजागर करती है। संयोग से हमारे पास नैतिक बल वाले पत्रकारों की कोई कमी नहीं है। मीडिया को लेकर आजकल बहुत तरह की बातें कही जाती हैं। इनमें से सारी बातें अच्छी हो जरूरी नहीं है। पत्रकारिता बहुत से मोर्चों पर दृढ़ता से खड़ी है, तो कई मोर्चों पर चूक भी जाती है। आप सबको पता ही है की बर्नार्ड शॉ जैसे महान लेखक मूल रूप से पत्रकार ही थे। और बर्ट्रेंड रसैल जैसे महान दार्शनिक ने कहा है कि जब बात निष्पक्षता की आती है तो असल में सार्वजनिक जीवन में उसका मतलब होता है कमजोर की तरफ थोड़ा सा झुके रहना। यानी कमजोर के साथ खड़ा होना पत्रकारिता की निष्पक्षता का एक पैमाना ही है। पत्रकारिता की चुनौतियों को लेकर हम आज जो बातें सोचते हैं, उन पर कम से कम दो शताब्दियों से विचार हो रहा है। भारत में तो हिंदी के पहला अखबार उदंत मार्तंड के उदय को भी एक सदी बीत चुकी है। टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदू जैसे अखबार एक सदी की उम्र पार कर चुके हैं। दुनिया के जाने माने लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने आधी सदी पहले एक किताब लिखी थी एनिमल फार्म। किताब तो सोवियत संघ में उस जमाने में स्टालिन की तानाशाही के बारे में थी लेकिन उसकी भूमिका में उन्होंने पत्रकारिता की चुनौतियां और उस पर पड़ने वाले दबाव का विस्तार से जिक्र किया है। जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा की पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि कोई तानाशाह उसे बंदूक की नोक पर दबा लेगा या फिर कोई धन्ना सेठ पैसे के बल पर पत्रकारिता को खरीद लेगा लेकिन इनसे बढ़कर जो चुनौती है वह है भेड़ चाल। यानी एक अखबार या एक मीडिया चैनल जो बात दिखा रहा है सभी उसी को दिखा रहे हैं। अगर किसी सरकार ने एक विषय को जानबूझकर मीडिया के सामने उछाल दिया और सारे मीडिया संस्थान उसी को कवर करते चले जा रहे हैं, यह सोचे बिना कि वास्तव में उसका सामाजिक उपयोग कितना है या कितना नहीं। बड़े संकोच के साथ कहना पड़ता है कि कई बार भारतीय मीडिया भी इस नागपाश में फंस जाता है। सारे अखबारों की हैडलाइन और सारे टीवी चैनल पर एक से प्राइमटाइम दिखाई देने लगते हैं। भारत विविधता का देश है, अलग-अलग आयु वर्ग के लोग यहां रहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षा अलग है और उनके भविष्य के सपने भी जुदा हैं। ऐसे में पत्रकार की जिम्मेदारी है कि हमारी इन महत्वाकांक्षाओं को उचित स्थान अपनी पत्रकारिता में दें। वे संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करें। कमजोर का पक्ष ले। देश की आबादी का 85% हिस्सा मजदूर और किसान से मिलकर बनता है। ऐसे में इस 85% आबादी को भी पत्रकारिता में पूरा स्थान मिले। मैंने तो बचपन से यही सुना है कि पुरस्कार मिलने से पत्रकारों का सम्मान नहीं होता, उनके लिए तो लीगल नोटिस और सत्ता की ओर से मिलने वाली धमकियां असली सम्मान होती हैं। राजनीतिक दल तो लोकतंत्र का अस्थाई विपक्ष होते हैं, क्योंकि चुनाव के बाद जीत हासिल करके विपक्षी दल सत्ताधारी दल बन जाता है और जो कल तक कुर्सी पर बैठा था, वह आज विपक्ष में होता है। लेकिन पत्रकारिता तो स्थाई विपक्ष होती है। जो सत्ता की नाकामियों और उसके काम में छूट गई गलतियों को सार्वजनिक करती है ताकि भूल को सुधारा जा सके और संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों के मुताबिक राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। मध्यप्रदेश इस मामले में हमेशा से ही बहुत आगे रहा है प्रभाष जोशी और राजेंद्र माथुर जैसे प्रसिद्ध संपादक मध्य प्रदेश की पवित्र भूमि की ही देन हैं। आज भी राष्ट्रीय पत्रकारिता के क्षेत्र पर मध्य प्रदेश के पत्रकार अपनी निष्पक्षता की छाप छोड़ रहे हैं। आशा करता हूं 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारतीय पत्रकारिता उन बुनियादी मूल्यों का और दृढ़ता से पालन करेगी जिन्हें हम शास्वत मानवीय मूल्य कहते हैं।

## आज का कार्टून।




## लाउडस्पीकर विवाद



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग जारी है। मामले को अधिक तूल पकड़ता देख महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, मगर भाजपा और मनसे ने इससे दूरी बनाए रखी। इस बैठक से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी दूरी बना ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की गिरफ्तारी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। फडणवीस ने राणा दंपती की गिरफ्तारी को गलत ठहराया है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेता किरीट सोमैया पर हमले का मामला अब दिल्ली पहुंच चुका है। इस मामले में अब भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली जाकर गृह सचिव से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा है साथ ही किरीट सोमैया मामले को भी उठाया। महाराष्ट्र में अचानक से बदले राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो यह बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। उद्धव सरकार जाएगी या बचेगी, सवाल यह नहीं है। भाजपा जिस तरह से एक के बाद एक घटनाक्रम को अंजाम दे रही है, उसके सियासी मायने बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज ठाकरे की लाउडस्पीकर हटाने की मांग, नवनीत राणा की मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान, करीट सोमैया पर हमला यह सब अचानक नहीं है। महाराष्ट्र में राजनीतिक हवाएं बड़ी तेजी से बदल रही हैं। इन हवाओं की चपेट में सत्ताधारी दल शिवसेना तो है ही, साथ में महाविकास अघाड़ी को अस्थिर करने का भी पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है। महाराष्ट्र में आक्रामक रवैये वाली शिवसेना को अपने अहम मुद्दों पर कमजोर पड़ती धार से उसका न सिर्फ नुकसान हो रहा है, बल्कि वह अपने धुर विरोधी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे को आगे बढ़ने का मौका भी दे रहे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में बनते बिगड़ते तमाम हालातों को लेकर भाजपा के नेता जिस तरीके से केंद्रीय गृह सचिव से मिले हैं, उससे अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में कई तरह के तूफान आने की आशंका बनी हुई है।

शिवसेना जब से अपने नए गठबंधन के साथ सरकार में आई है, तब से उसके कड़क हिंदुत्व वाले मिजाज में न सिर्फ कमी आई है, बल्कि गठबंधन की मजबूरी से सरकार चलाने की स्थितियां स्पष्ट देखी जा रही हैं। जिस तरीके से कड़क हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना आगे आती थी, वही अब उस पर बैकफुट पर है। इसी कमी को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे बढ़-चढ़कर आगे आए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सड़कों पर हनुमान चालीसा के पाठ के बाद से हिंदुत्व की धुरी बनने की पूरी योजना बना रही है। शिवसेना की गठबंधन में होने की मजबूरी के चलते राज ठाकरे को इससे फायदा भी मिल सकता है। हालांकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उग्र हिंदुत्व की धुरी से राज ठाकरे को चुनाव में कितना फायदा होगा, इसके बारे में अभी कहना बहुत जल्दी होगा। लेकिन उनका कहना है कि शिवसेना आरोप लगा रही है कि राज ठाकरे के माध्यम से भाजपा अपने हित साधने की कोशिश कर रही है। इस पूरे मामले में एक तरीके से महाराष्ट्र में हाशिए पर पड़ी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। जिस मुद्दे पर शिवसेना कभी राज्य में सबसे आगे हुआ करती थी, अब उसी पर एक बार फिर से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है। कभी हिंदुत्व और यूपी-बिहार के लोगों का मुद्दा बनाकर सड़कों पर उतरने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विधानसभा में 13 विधायकों के साथ बड़ा प्रतिनिधित्व करती थी, लेकिन अब ये मुद्दे उतने प्रभावी नहीं रहे, तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एक विधायक के साथ विधानसभा में सिमट कर रह गई।

## संत की सीख




एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, 'महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं।' सेठ की बात सुनकर संत बोले, 'मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा।' यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, 'यह हलवा इस कमंडल में डाल दो।' सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, 'महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा।' यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, 'वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है।' संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

## इस्लाम : हाफिज खुदा तुम्हारा



लेखक-तनवीर जाफरी / ईएमएस)

एक बार फिर रमजान जैसे पवित्र एवं इबादत के महीने में अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर और कुंदुज शहर में मस्जिद के पास हुये बम धमाकों में 15 लोगों की मौत और 65 से अधिक गंभीर रूप से ज़ख़्मी हुये हैं। खबर है कि इन हमलों की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है। और हमलों के मास्टर माइंड आईएसआईएस का प्रमुख ऑपरेटिव अब्दुल हमीद संगयार नमक व्यक्ति को गिरफ़्तार भी किया गया है। इस घटना ने एक बार फिर पूरे विश्व का ध्यान अफगानिस्तान की ओर आकर्षित किया है। इस घटना के मात्र दो दिन पूर्व ही काबुल के पास अब्दुल रहीम शाहिद हाई स्कूल में तीन धमाके हुए थे। इसमें छह लोगों की मौत की खबर आई थी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुये थे।इसके पहले भी गत वर्ष 8 मई को राजधानी काबुल में एक स्कूल के पास एक बड़ा बम ब्लास्ट किया गया था। इस घटना में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई थी जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। उसके बाद 14 नवंबर 2021 को काबुल के ही एक शिया बाहुल्य क्षेत्र में बम ब्लास्ट हुआ जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुये। इस घटना के अगले ही दिन 15 नवंबर 2021 को कंधार प्रांत की एक मस्जिद में धमाका हुआ था जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 40 लोग घायल हो गए थे। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के गत वर्ष पुनः जबरन कब्जा करते ही काबुल के एयरपोर्ट के पास तीन धमाके हुए थे। इन धमाकों में भी 100 से अधिक लोगों की मौत हुई थी जबकि 120 से अधिक लोग घायल हुए थे। माह-ए-रमजान में भूखे प्यासे रोजदार बेगुनाह नमाजियों की हत्यायें,रोजदार नमाजियों को कभी बमों के विस्फोट से मारना तो कभी आत्मघाती हमलावर द्वारा स्वयं को ही ब्लास्ट कर निहत्थे लोगों की जान लेना,कभी स्कूल्स की बिल्डिंग उड़ा देना तो कभी स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चों की सामूहिक हत्यायें कर देना,कभी मुहर्रम के जुलूस में शामिल सोगवारों को आत्मघाती हमले का शिकार बनाना,कभी दरगाहों व इमामबाड़ों पर हमले, कभी गुरुद्वारों पर हमले तो कभी अन्य धर्मों के आराध्य बुतों को ध्वस्त करना,आम लोगों की भीड़ के बीच कभी किसी मर्द को तो कभी किसी औरत को कोड़ों से मारना,कभी गोली से उड़ा देना गोया जुल्म और दहशत की इबारतें लिखने में माहिर तालिबान हों या इस्लामिक स्टेट के आतंकी अथवा अलकायदा या इसी विचारधारा के अन्य कई आतंकी संगठन, ये अपनी इन्हीं अमानवीय व दहशतगर्द कारगुजारियों को इस्लामी कारगुजारी बताते हैं। कौन मुसलमान है और कौन नहीं दुर्भाग्यवश, इसका 'प्रमाण पत्र' भी प्रायः यही संगठन बांटते रहते हैं। मुसलमान इस्लाम को चाहे जितना शांति सद्भाव तथा समानता वाला धर्म क्यों न बतायें परन्तु अपने उद्भव काल से ही यानी इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व अंतिम पैगंबर हजरत मुहम्मद के जीवन काल में ही इस्लाम उदार व कट्टरवाद की दो अलग अलग धाराओं में बंट गया था। मस्जिदों में नमाजियों को कत्ल करने की प्रवृति भी कोई नई नहीं है। यह तालिबान,इस्लामिक स्टेट अथवा अलकायदा द्वारा शुरू किया गया सिलसिला नहीं है। बल्कि इसकी शुरूआत 19 रमजान 40 हिजरी तदानुसार 26 जनवरी 661 ईस्वी को उसी समय हो गयी थी जबकि पैगंबर हजरत मुहम्मद के चचेरे भाई और दामाद अर्थात हजरत मुहम्मद की इकलौती बेटी हजरत फातिमा के पति हजरत अली को इराक के कूफा शहर की मशहूर 'मस्जिद-ए-कूफा ' में नमाज अदा करते वक़्त उस समय शहीद किया गया था जबकि वे नमाज में सजदे की हालत में थे। उनका हत्यारा इब्न-ए-मुल्जिम था। सोचने का विषय है कि जिन हत्यारों ने अफगानिस्तान में शियों की सामूहिक हत्या करने के लिये उसी दिन ( 19 रमजान ) का चुनाव किया हो उनका आदर्श व प्रेरक हजरत अली का हत्यारा इब्न-ए-मुल्जिम नहीं तो और कौन हो सकता है?

सी तरह मुहर्रम के जुलूस और इमाम बारगाहों पर इनके हमले उन शिया मुसलमानों पर होते हैं जो हजरत मुहम्मद के नाती और अली व फातिमा के बेटे हजरत इमाम हुसैन व उनके उन 72 परिजनों व साथियों की शहादत का गम मनाते हैं जिन्हें करबला (इराक) में स्वयं को मुसलमान बताने वाले उस समय के सीरियाई शासक यजीद की सेना द्वारा तीन दिनों तक भूखा प्यासा रखने के बाद शहीद कर दिया गया था। इनक्रूर 'इस्लामी ठेकेदारों ' को हजरत हुसैन की शहादत और उनकी मजलूमियत को याद करना और यजीद के जुल्म की दास्तां सुनाना अच्छा नहीं लगता। यदि यह यजीद के पैरोकार नहीं हैं फिर क्या वजह है कि अफगानिस्तान,पाकिस्तान व अन्य कई देशों में इस्लामिक स्टेट, तालिबानी सहित अन्य कई चरमपंथी संगठन प्रायः शिया व हजारा शिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाते रहते हैं? इतिहास गवाह है कि पैगंबर हजरत मुहम्मद के देहान्त के फौरन बाद ही इस्लाम पर वर्चस्व की लड़ाई और धर्म व सत्ता के गठजोड़ की जो खतरनाक सियासत शुरू हुई थी उसी का शिकार स्वयं इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद का पूरा परिवार हुआ। हजरत अली की कूफे की मस्जिद में हत्या, हजरत मुहम्मद की बेटी व हजरत अली की पत्नी फातिमा पर जानलेवा हमला,उनके अधिकारों व संपत्ति पर कब्जा,अली के बड़े बेटे इमाम हसन को जहर देकर शहीद कर देना,फिर क्रूरता की इंतेहा करने वाली वह दास्तान-ए-करबला जिसमें अस्सी साल के बुजुर्ग से लेकर छः महीने के बच्चे तक को इन्हीं 'मुसलमानों ' द्वारा शहीद किया गया। इसी तरह हजरत मुहम्मद के घराने के और भी अनेक इमाम व उनके कई रिश्तेदार कत्ल किये गये। इन सभी के कातिल कोई हिन्दू,यहूदी,पारसी या ईसाई नहीं बल्कि अल्लाह के नाम का कलमा पढ़ने वाले और हजरत मुहम्मद को खुदा का रसूल स्वीकार करने वाले लंबी लंबी दाढ़ियां रखने वाले मुसलमान ही थे। अली,फातिमा और करबाला में हुसैन और उनके परिवार के लोगों पर ढहाये गये जुल्म व बर्बरता की यदि विस्तृत दास्तान पढ़िये तो रूह काँप उठती है। आज उन हत्यारों के पैरोकार उसी काले इतिहास को दोहराकर जहाँ हजरत मुहम्मद के घराने के लोगों से अपनी रंजिश साबित कर रहे हैं वहीं हत्यारों व इस्लाम को कलंकित करने वालों से अपने रिश्तों पर भी मुहर लगा रहे हैं।

## प्रसंगतः अनमोल धन

एक विचारक थे । वे नास्तिक थे। न ईश्वर को मानते थे और न आत्मा को, सिर्फवर्तमान क्षण में विश्वास रखते थे। अपने शिष्यों के साथ वे नगर से बाहर एक बगिया में रहते थे। एक दिन सम्राट की इच्छा हुई कि इस विचारक से मिला जाए, वह उनकी बगिया में पहुंचा। उसने देखा कि वातावरण बेहद शांत है। सब अपने-अपने काम में मगन हैं। खुश और आनंदित। लेकिन भौतिक सुविधाओं का अभाव है-न बैठने की जगह, न सर ढंकने के लिए छत, न पानी के लिए कोई कुआं। रसोई की जगह लगभग फाकाकशी के हालात। फिर भी संत आनंदित थे। सम्राट हैरान हुआ और प्रभावित भी। उसने विचारक से कहा, 'मैं आपको कुछ भेंट भेजना चाहता हूं। बताइए क्या मंगा दूं, जिस चीज की भी आपको जरूरत हो।' यह सुनते ही विचारक के माथे पर बल पड़ गए। उसने मानो दुखी हो कर कहा, 'आपने तो हमें चिंता में डाल दिया, क्योंकि हम भविष्य का तो कोई विचार ही नहीं करते। अभी पास जो है, उसी का आनंद लेते हैं। जो नहीं है, वह आ जाए तो भला हो जाए, उस तरह सोचते ही नहीं। अब आपने दुविधा में डाल दिया है। विचार करना पड़ेगा, सोचना होगा कि आपसे क्या मांगें।' फिर बोले, 'हां एक रास्ता है। आज ही हमारी इस बगिया में एक नया शिष्य आया है। वह अभी तक यहां के वातावरण में घुल-मिल नहीं पाया है। उससे पूछ लेते हैं, शायद उसे किसी चीज की जरूरत हो।' शिष्य से पूछा गया। वह थोड़ी देर सोचता रहा, फिर बोला, 'कुछ भेंट ही करना चाहते हैं तो थोड़ा मक्खन भेंट कर दें। यहां रोटियां बिना मक्खन के बनती हैं।' सम्राट स्वयं मक्खन लेकर आया। उसने देखा कि उसका वहां ऐसा स्वागत हुआ, मानो स्वर्ग उतर आया हो। मक्खन खा कर सभी नाचे और आनंदित हुए। सम्राट को तब यह अहसास हुआ कि मेरे पास इतना सब कुछ है, फिर भी मैं आनंद नहीं मनाता। शायद मैंने संतुष्ट होना ही नहीं सीखा।

# बिना वर्दी पहने ऑटो चलाने वाले चालकों के होंगे चालान: विकास अरोड़ा

## पुलिस कमिश्नर ने सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग



**फरीदाबाद, (हि.स.)।** शहर की सडकों पर बिना वर्दी ऑटो चलाने वाले चालकों पर पुलिस अब शिकंजा कसेगी। इसके अलावा शहर में नकली हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालों चालकों के भी चालान काटे जाएंगे। उक्त निर्देश पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने मंगलवार को सेक्टर-21ए स्थित अपने कार्यालय में पुलिस अधिकारियों और आरएएस अधिकारियों के साथ बैठक में दिए। बैठक में कमिश्नर श्री अरोड़ा को बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन अधिनियम के तहत 85378 चालान कर 2.78 करोड़ रुपए का जुमार्ना किया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ट्रैफिक नियमों की पालना न करने पर वाहन चालकों के चालान काटकर उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया जाता है। यदि बीते वर्ष 2021 में फरीदाबाद पुलिस के आंकड़ों पर नजर डालें तो फरीदाबाद पुलिस ने पिछले वर्ष 138416 चालान काटे थे जिनसे 7 करोड 78 लाख 46 हजार 850 रु का राजस्व प्राप्त हुआ था। काटे गए इन चालानों में मुख्यतः 21 चालान अंडर एज, 29348 चालान ओवरस्पीडिंग, 22769 रॉन्ग साइड ड्राइविंग, 22038 चालान बिना हेलमेट यात्रा करने, 8906 चालान रॉन्ग पार्किंग, 6816 हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 2604 प्रदूषण, 5916 चालान बिना सीट बेल्ट यात्रा करने के शामिल है। साथ ही वर्ष 2022 में 85378 चालान काटे थे जिनसे 2 करोड 78 लाख 62 हजार 771 रु का राजस्व प्राप्त हुआ था। काटे गए इन चालानों में मुख्यतः 16 चालान अंडर एज, 23539 चालान ओवरस्पीडिंग, 8118 रॉन्ग साइड ड्राइविंग, 28703 चालान बिना हेलमेट यात्रा करने, 5586 चालान रॉन्ग पार्किंग, 4071 हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 231 प्रदूषण, 2009 चालान बिना सीट बेल्ट यात्रा करने के शामिल है। मीटिंग में मुख्य रुप से आरएसओ अधिकारियों द्वारा उठाए गए सवालों के निवारण के लिए पुलिस आयुक्त ने तुरंत डीसीपी ट्रफिक को आदेश दिए जिसमें वाटा पुल एनआईटी के तरफ बने पुराने टोल को हटाने की बात कही जिसे एमसीएफ की मदद से जल्द रोड से हटा दिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि ऑटो चालकों की एक ड्रेस तैयार कर लागू की जाएगी। एंडर एज के चालकों के चालान काटने की बात कही है। इस अवसर पर डीसीपी मुख्यालय नीतिश अग्रवाल, डीसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र कुमार, एसीपी ट्रैफिक भगत सिंह, तीनों जॉनों के ट्रफिक एसएचओ आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

**भिवानी, (हि.स.)।** राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रही हरियाणा की हॉकी टीम के सदस्य दीपक भारद्वाज बापोड़ा व मयंक भिवानी का मंगलवार को स्थानीय भीम स्टेडियम में भव्य सम्मान किया गया। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों का स्थानीय रोहतक गेट से भीम स्टेडियम तक खुली जीप में गाजे-बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी ने विजेता हॉकी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज भिवानी खेलों को हब बनता जा रहा है। हॉकी पुरूष में हरियाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें जिला भिवानी के दीपक भारद्वाज व मयंक ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर हरियाणा टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई हैं। वही गत दिनों जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में भी हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक जीता था, उसमें भी भिवानी जिला की इशिका व निधि ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन किया था, उनका भी स्वागत किया गया।

इस मौके पर हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के महासचिव विनोद पिंकू व हॉकी प्रशिक्षक नीरज कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के आधुनिक जीवन में प्रत्येक युवा को कोई ना कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए। उन्होंनें कहा कि इशिका, निधि, मयंक व दीपक भारद्वाज ने हॉकी की राष्ट्रीय स्पर्धा में गोल्ड मैडल जीतकर जिला भिवानी का मान बढ़ाया है। जो युवा खेल में भाग लेते है तथा खलों को स्पर्धा की भावना से खेलते है, वो समाज को एक नई दिशा दिखाने का काम करते है। खिलाड़ी दीपक भारद्वाज, मयंक, निधि व इशिका ने अपी जीत का श्रेय अपने कोच, वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि हम और अच्छी मेहनत करके भारत की तरफ से खेलकर हॉकी टीम को ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# पटौदी से चंडीगढ़ तक शुरू हुई रोडवेज बस सेवा

**-सुबह 4:30 बजे विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने झंडी दिखा किया रवाना**



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** पटौदी से चंडीगढ़ तक हरियाणा रोडवेज बस सेवा की लंबे समय से की जा रही मांग मंगलवार को पूरी हो गई। सुबह 4:30 बजे इस बस को विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शाम को यह बस 6 बजे चंडीगढ़ से पटौदी के लिए रवाना होगी। गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदर लाल यादव ने इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और विधायक सत्यप्रकाश जरावता का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इस बस के संचालन से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। पटौदी के लोगों को इससे पहले चंडीगढ़ जाने को गुरुग्राम या दिल्ली जाना पड़ता था। जिस कारण काफी परेशानी होती थी। बस को झंडी दिखाने के बाद विधायक सत्यप्रकाश जरावता खुद भी बस में सवार होकर चंडीगढ़ गए। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि मंत्री मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग लगातार आगे बढ़ रहा है। बेहतर सेवाएं प्रदेश में विभाग की ओर से दी जा रही हैं। वहीं विधायक सत्यप्रकाश जरावता भी अपने क्षेत्र की जरूरतों को विशेष ध्यान रखते हैं। हर काम को वे पूरी रुचि लेकर करते हैं। चंडीगढ़ तक बस सेवा की भी काफी समय से मांग थी, जो अब विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से सिरे चढ़ी है। यह बस रोजाना पटौदी बस अड्डे से कुलाना, झज्जर, रोहतक, पानीपत होते हुए चंडीगढ़ जाएगी। बस के संचालन की शुरूआत के मौके पर प्रदीप सरपंच, दयाराम चेयरमैन, अजीत यादव, पूर्व पार्षद अभिमन्यु थानेदार, पवन यादव सिकन्दरपुर बढ़ा, सत्तन सरपंच, राममूर्ति गोठवाल, अजीत सरपंच त्रिपाठी, अमित पहलवान कारोला, पीएल वर्मा हेलीमंडी, मनोज जनौला, सतीश लोकरा, दलीप पहलवान आदि लागे उपस्थित रहे।

# निलंबन के विरोध में अनेक विभागों के कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**-जनस्वास्थ्य, रोडवेज और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लिया प्रदर्शन में भाग**



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग पंचकूला के प्रमुख अभियंता द्वारा कर्मचारी नेताओं के निलंबन और अधिकारियों की तानाशाही के खिलाफ मंगलवार को कर्मचारी विरोध में उतर आए। हरियाणा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों ने मंगलवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल फतेहाबाद के कार्यालय के सामने 2 घंटे की गेट मीटिंग की। इस प्रदर्शन में महासंघ से सम्बंधित बिजली विभाग व हरियाणा रोडवेज विभाग के कर्मचारियों ने भी भाग लिया और प्रमुख अभियंता स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निलंबन की कार्रवाई का विरोध करते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रोष प्रदर्शन में प्रमुख अभियंता द्वारा की गई हठधर्मिता, तानाशाही व हिटलरशाही पर विस्तार से चर्चा की गई और यह ऐलान किया गया कि यदि निलंबित किए गए कर्मचारियों की बहाली जल्दी नहीं की गई तो हरियाणा कर्मचारी महासंघ के द्वारा तयशुदा आंदोलन के द्वारा सभी अधीक्षक अभियंताओं के कार्यालय के सामने निर्धारित तिथियो को रोष प्रदर्शन किया जाएगा। यदि फिर भी प्रमुख अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा की गई खुद की गलती को नहीं सुधारा गया तो 18 मई को प्रमुखता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय का हरियाणा कर्मचारी महासंघ से जुड़े सभी कर्मचारी घेराव करेंगे। मंगलवार को प्रदर्शन में मुंशीराम कंबोज राज्य वरिष्ठ उपप्रधान मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन, राजू बिश्नोई, सुरेंद्र मलिक रोडवेज, संदीप जांडली, कृष्ण बिश्नोई बिजली बोर्ड, बहादुर बिश्नोई, चेयरमैन नफे सिंह, प्रतिमा रानी, रामकरण प्रजापति, संदीप, प्रदीप, अजय सहित काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

# मानेसर में आग की घटना से प्रभावितों की मदद को आगे आया प्रशासन

## -बेघर हुए लोगों के रहने, खाने की कराई गई है व्यवस्था



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** आईएमटी मानेसर के सेक्टर-6 में कबाड़ में लगी आग के मामले में जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाई है। मानेसर में कबाड़ में लगी आग की दुर्घटना के मामले में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बेघर हुए लोगों के लिए मानवीय आधार पर खाने, रहने की व्यवस्था करवायी है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव और एसडीएम गुरुग्राम अंकिता चौधरी मौके पर पहुंचे। इस कबाड़ के साथ बसी झुग्गी झोपडिय़ों में भी आग लग गयी थी, जिसके कारण उनमें रहने वाले लोग बेघर हो गये हैं। आगजनी वाले स्थान के निकट गांव कांकरोला, भांगरोला में बेघर हुए लोगों के रहने की व्यवस्था वहां के सामुदायिक केंद्रों में किया जा रहा है। आगजनी के कारणों की जांच गुरुग्राम पुलिस कर रही है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई है। एक अज्ञात व्यक्ति 20 से 30 प्रतिशत जला हुआ मिला, जिसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

# एफडीए, आयुष और एचएसएनसीबी की टीमों ने सोनीपत की 5 आयुर्वेदिक फैक्टरियों में मारे छापे

**-दो गिरफ्तार, भारी मात्रा अवैध सामग्री बरामद**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने बताया है कि एफडीए, आयुष और हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की संयुक्त टीमों ने सोनीपत की पांच आयुर्वेदिक फैक्टरियों पर ताबड़तोड़ छापे मारे। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा अवैध सामग्री बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि सोनीपत के राई औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्ल्ड ऑफ हेम्प ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 12 टन हेंप का कोटा उठाया और उसका दुरुपयोग कर बिना अनुमति के 2 टन भांग का एक्सट्रेक्शन विधि से 67 किलोग्राम और 5 ग्राम भांग घन बना दिया। कंपनी के डायरेक्टर अणव जैन को हिरासत में लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रिडले लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड, कुण्डली ने अफीम के कोटे का गलत इस्तेमाल किया। यह कंपनी अफीम द्वारा औषधि बनाने और उससे बनी औषधि की बिक्री का कोई पुख्ता सबूत नहीं दिखा सकी।

इस कंपनी के निर्माण केमिस्ट शलेंद्र गांधी सहित डायरेक्टर व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शैलेंद्र गांधी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दो अन्य कंपनियों "भारतीय आयुर्वेदिक फामेर्सी कुंडली" और "सुखदर्शन आयुर्वेदिक फामेर्सी राई " की जांच व निरीक्षण के दौरान अनियमितता मिली। अफीम के कोटे के दुरुपयोग के चलते भारतीय आयुर्वेदिक फामेर्सी कुंडली के पार्टनर साहिल पासी सहित अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की खिलाफ कुंडली थाने में एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस दौरान "सुखदर्शन आयुर्वेदिक फामेर्सी" का नरेश कुमार रिकॉर्ड लाने का बहाना बना कर मौके से चंपत हो गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के इलावा सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने का भी मुकदमा दर्ज करवाने की तहरीर राई थाने में दी गई। 'महर्षि चरक आयुर्वेदिक औषधालय' रेवली, सोनीपत और इसी की लोनी फर्म 'कबीर औषधालय प्राइवेट लिमिटेड' की बिक्री रिकॉर्ड एनडीपीएस के अनुसार जांच के लिए टीम ने मुरथल थाने में पत्र दिया है।

# हरियाणा के किसानों की आय में इजाफा, अन्य राज्यों के किसानों को पछाड़ा

**चंडीगढ़, (हि.स)।** हरियाणा सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। आय के मामले में हरियाणा के किसानों ने पड़ोसी राज्यों के किसानों को पछाड़ दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हवाले से मंगलवार को सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के मुताबिक हरियाणा उन शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां किसानों की आय 20,000 रुपये प्रति माह से अधिक है। राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षण संगठन के अनुसार हरियाणा में किसानों की मासिक आय 22841 रुपये है। यह पहले 14434 रुपये थी। हरियाणा सरकार ने अपनी किसान हितैषी पहल के साथ यूपी जैसे अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया, जहां किसान आय 8061 रुपये दर्ज की गई है ।

इसी तरह आंध्र प्रदेश में यह 10480 रुपये; महाराष्ट्र में 11492 रुपये और मध्य प्रदेश में 8339 रुपये दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा ऐसा राज्य है जो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं, धान, जौ, बाजरा, मूंग, मूंगफली, सरसों, मक्का, उड़द, तिल, चना, अरहर, कपास और सूरजमुखी सहित 14 फसलों की खरीद करता है। पिछले चार साल में सिर्फ गेहूं और चावल बेचकर यहां के किसानों ने 102436 करोड़ रुपये कमाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश के पहले राज्यों में है जहां बागवानी के लिए भावांतर भरपाई योजना जैसी विभिन्न किसान कल्याण योजनाएं लागू की गई है। कई बार कृषि उपज की कम कीमतों के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार ने 21 बागवानी फसलों को भी भावांतर भराई योजना में शामिल किया है और 'मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल' पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। फलों और सब्जियों के दाम बाजार में कीमत से कम होने पर किसानों को नुकसान नहीं होगा। सरकार उस कमी को पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को कपास, सरसों और गेहूं के लिए लाभकारी मूल्य मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य कृषि में सुधार करना है और किसानों को जीरो बजट खेती और जैविक खेती की ओर प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष के बजट में राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए 25-25 एकड़ के 100 क्लस्टर बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस खेती को अपनाने वाले किसानों को तीन साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि एग्री बिजनेस और सूचना केंद्र सभी जिला मुख्यालय मंडियों में स्थापित किए जा रहे हैं ताकि बाजार, कृषि संबंधी सेमिनारों, कार्यशालाओं, क्रेता-विक्रेता बैठकों आदि की जानकारी प्रदान की जा सके। इन केंद्रों में कृषि विकास अधिकारी भी हैं और किसानों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुधार में मदद करते हैं। सिरसा और हिसार में ऐसे दो केंद्रों को पहले ही चालू कर दिया गया है और सभी जिला मुख्यालयों में केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। किसानों को अपनी उपज सीधे उपभोक्ताओं को बेचने का अवसर प्रदान करने और किसानों को उनकी फसल के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त हों उसके लिए पंचकूला और गुरुग्राम में दो किसान बाजार स्थापित किए जा रहे हैं। यह किसान बाजार कृषि/बागवानी विशेषज्ञों के सहयोग से किसानों को सूचना के प्रसार और तकनीकी इनपुट और जानकारी प्रदान करने के लिए एक नोडल बिंदु भी होंगे। यह गुणवत्ता नियंत्रण और प्रमाणन उपायों को शुरू करके किसानों को अपनी उपज का मूल्य जोड़ने में भी मदद करेगा।

# बहुमंजिला इमारतों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र बनाई जाएगी नीति - पीएचईडी मंत्री जोशी

**जयपुर, (हि.स.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में बहुमंजिला आवासीय भवनों में रह रहे लोगों की पेयजल संबंधी समस्या के समाधान को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में नीति बनाने के लिए कमेटी के गठन एवं एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। डॉ. जोशी मंगलवार को सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बहुमंजिला इमारतों एवं निजी टाउनशिप में पेयजल कनेक्शन जारी करने के संबंध में बनाई जाने वाली नीति पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरों में बढ़ रही जनसंख्या की आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुमंजिला इमारतों की संख्या बढ़ रही है। इन इमारतों में रहने वाले लोगों की पेयजल की जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यावहारिक नीति बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है और इस मुद्दे पर जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा। जलदाय मंत्री ने कहा कि राजस्थान की पेयजल उपलब्धता की परिस्थितियां अन्य राज्यों के मुकाबले विकट हैं।

ऐसे में इन परिस्थितियों को देखते हुए अन्य राज्यों में बहुमंजिला इमारतों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अपनाई गई नीतियों का अध्ययन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा कि जयपुर शहर के बहुमंजिला भवनों में 42 रुपये प्रति वर्गफीट की दर से जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए 30 नवम्बर 2016 को परिपत्र जारी किया गया था। इसके अलावा 6 अक्टूबर 2020 को जगतपुरा-महल रोड जलापूर्ति परियोजना के तहत जगतपुरा-महल रोड क्षेत्र की बहुमंजिला इमारतों के लिए 25 रुपए प्रति वर्गफीट की दर निर्धारित की गई थी, लेकिन इसके उत्साहजनक परिणाम प्राप्त नहीं हुए।

# हरियाणा में खेलो इंडिया यूथ गेम का आगाज 4 जून को

**-13 जून को होगा समापन, मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से चर्चा**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में खेलो इंडिया यूथ गेम-2021 का आयोजन 4 जून से 13 जून तक किया जाएगा। इनमें अंडर 18 के 25 खेलों में पांच भारतीय खेल भी शामिल हैं। यह खेल पंचकूला के अलावा शाहबाद, अंबाला, चंडीगढ़ और दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। इनमें देशभर के लगभग 8500 खिलाड़ी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम 2021 के आयोजन को लेकर समन्वय समिति बैठक में चर्चा कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश के खेल एवं युवा मामले मंत्री सरदार संदीप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 मई को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में खेलो इंडिया यूथ गेम का लोगो लॉन्च किया जाएगा। खेलों के लिए 2-3 बहुउद्देशीय हॉल, सिन्थेटिक ट्रैक, एथलेटिक ट्रैक तैयार हो चुका है। का निर्माण किया जा चुका है। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 14 पंचकूला में बैडमिंटन हॉल और ऑडिटोरियम बन चुका है। पंचकूला और शाहबाद में हॉकी स्टेडियम बनकर लगभग तैयार हैं। अंबाला में ऑल वेदर स्वीमिंग पूल बन चुका है।

मनोहर लाल ने कहा कि इन खेलों में हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगी।आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान स्वतंत्रता संग्राम के असंख्य हीरोज की कहानी तथा प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का परिचय प्रदर्शनी में दशार्या जाएगा। खेलों के लिए 13 मई को गुरुग्राम में प्रोमोशन इवेंट का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हरियाणा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दिशा में सराहनीय कार्य हुआ है। हरियाणा की महिला खिलाड़ियों ने भी विदेशों में आयोजित हर खेल में परचम फहराया है। उन्होंने कहा कि इन खेलों में कोविड-19 नियमों का पूरा पालन किया जाए। खिलाड़ियों के लिए टेस्टिंग आदि की पूरी व्यवस्था की जाए। खेल विभाग निदेशक पंकज नैन ने प्रजेंटेशन के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम के आयोजन की तैयारियों से अवगत करवाया।

बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डी एस ढेसी, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास, राजीव अरोड़ा, टीवीएसएन प्रसाद, डा. महावीर सिंह, अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल, आशिमा बराड़, पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल सहित साई के कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

# लघु उद्योग भारती ने रक्तदान के साथ मनाया 28वां स्थापना दिवस

**कोटा, (हि.स.)।** लघु उद्योग भारती के 28वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को कोटा ईकाई ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। मंथन बैठक में हाडौती क्षेत्र के लघु उद्योगों की समस्याओं पर मंथन किया गया। संस्था के अध्यक्ष सीए महेश गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ सदस्य एवं उद्यमी गोविंद राम मित्तल एवं कीर्ति कुमार जैन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया गया। गुप्ता ने बताया कि लघु उद्योगों के संचालकों को आ रही समस्याओं के समाधान के लिये मंथन किया गया। उनके हल के लिये एक प्रारूप तैयार किया गया, जिससे उच्च स्तर पर भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लघु उद्योग भारती के देशभर में 35000 से अधिक लघु उद्यमी सदस्य हैं। राजस्थान सहित प्रत्येक राज्य में जिला स्तर पर संस्था की ईकाई गठित की गई है जो निरंतर लघु उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर समाधान का प्रयास करती है। सचिव आशुतोष जैन ने बताया कि सेवा प्रकल्प के तहत संस्था द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें उद्यमियों, श्रमिकों एवं महिलओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर कुल 68 यूनिट रक्त जरूरतमंद रोगियों के लिये एकत्रित किया। अंत में कोषाध्यक्ष संदीप जांगीड़ ने सबका आभार जताया।

# दिल्ली क्राइम प्रेस के पत्रकारों ने छात्रों को किया सम्मानित




दिल्ली क्राइम प्रेस के पत्रकार अशोक त्यागी, बी के सिंह एवं सभी शिक्षकों के द्वारा प्रिया शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल सरल कुंज लोनी गाजियाबाद के बच्चों के परीक्षा परिणाम के अवसर पर प्रथम आये सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया।

# तीस स्टेशनों पर इलैक्ट्रोनिक इंटरलॉक्ड सिग्नल प्रणाली की गई स्थापित, 419 स्टेशनों पर फ्री वाई-फाई की सुविधा

**जयपुर, (हि.स.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे का सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग रेल संचालन में संरक्षा को बढावा देने के लिए लगातार कार्यशील है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में उत्तर पश्चिम रेलवे के इतिहास में सर्वाधिक 30 स्टेशनों पर ह्यह्यइलैक्ट्रोनिक इन्टलॉकिंगह्यह्य की आधुनिक सिग्नल प्रणाली लगाई गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार सिग्नल प्रणाली में आधुनिकीकरण के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे पर लाईन क्षमता बढाने के लिए इस वित्तीय वर्ष में चार इंटरमिडियट ब्लॉक सिस्टम (आईबीएस) भी स्थापित किये गये है। इस प्रणाली में एक रेलगाडी के दूसरे स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही (आईबीएस) को पार करने के बाद उस खण्ड में दूसरी रेल चलाई जा सकती है। समपार फाटकों पर संरक्षा एवं सुरक्षा को बढावा देते हुए इस वित्तीय वर्ष में 23 समपार फाटकों को इंटरलॉक्ड किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर अब तक कुल 532 समपार फाटको को इंटरलॉकिंग कर दिया गया है। इस प्रणाली में गेट के बन्द होने पर ही सिगनल ह्यह्यहराह्यह्य होता है। गेट बन्द न होने पर उससे जुडा सिगनल लाल ही रहता है, जिससे रेल गाडी सुरक्षित दूरी पर खडी हो जाती है। इसी के साथ इस वर्ष 15 समपार फाटकों पर इलैक्ट्रिकल संचालित लिफ्टिंग बेरियर भी लगाए गए है, जिससे इनकी क्षमता एवं कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। रेलवे स्टेशन पर सिगनल रिले रूम की सुरक्षा वृद्धि हेतु इस वर्ष 74 स्टेशनो सहित उत्तर पश्चिम रेलवे पर कुल 253 रिले रूमों में ऑटोमेटिक फायर अलार्म सिस्टम स्थापित किये गये है। इस वित्तीय वर्ष में 09 स्टेशनों सहित कुल 419 स्टेशनो पर फ्री वाई-फाई की सुविधा प्रारम्भ कर दी गई है। इसके अलावा उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल में 89, जोधपुर मण्डल में 120, अजमेर मण्डल में 86 एवं बीकानेर मण्डल में 124 स्टेशनों पर फ्री वाई-फाई सुविधा मिल रही है।

DELHI CRIME 27 apr 2022:Layout 1 4/26/2022 7:08 PM Page 4



# पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की देश वापसी का रास्ता तैयार, 10 साल की वैधता वाला पासपोर्ट जारी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लंदन में रह रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की देश वापसी का रास्ता तैयार हो गया है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री व अपने बड़े भाई नवाज शरीफ का नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) से हटाते हुए उन्हें ग्रीन पासपोर्ट जारी कर दिया है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को तत्काल श्रेणी में 10 साल की वैधता वाला पासपोर्ट जारी कर दिया गया है। नवाज शरीफ के पासपोर्ट की मियाद पिछले साल खत्म हो गयी थी लेकिन पाकिस्तान की तत्कालीन इमरान खान की सरकार इसका नवीनीकरण नहीं कर रही थी। तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके 72 वर्षीय नवाज शरीफ पर देश की पूर्ववर्ती इमरान सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कई मामलों में जांच शुरू करा दी थी। जिसके बाद 2019 में बीमार हालत में नवाज शरीफ लाहौर हाईकोर्ट की मंजूरी के बाद इलाज कराने के लिए लंदन चले गए थे। उस समय से वे वहीं रह रहे हैं। ताजा घटनाक्रम के बाद नवाज शरीफ के पाकिस्तान लौटने का रास्ता तैयार हो गया है। इमरान खान को बेदखल कर देश की सत्ता संभालने वाले शहबाज शरीफ ने कुर्सी संभालने के साथ ही इसकी घोषणा कर दी थी।

# अमेरिका की कीव में फिर से दूतावास खोलने की तैयारी, ब्लिंकन और ऑस्टिन ने कीव में की जेलेंस्की से वार्ता



**कीव, (हि.स.)।** युद्धग्रस्त यूक्रेन की राजधानी कीव में अमेरिका जल्द ही अपने दूतावास को फिर से खोलेगा। अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एवं विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को कहा कि वे और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कीव का दौरा किया तथा यूक्रेन को और अधिक सैन्य सहायता का वादा किया। उन्होंने यूक्रेन को रूस को पीछे धकेलने में सफलता की सराहना की। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि वे यूक्रेन की राजधानी कीव गए थे। पिछले महीने कीव पर हमला करने वाले रूस को मजबूरन पीछे हटना पड़ा था। यह यूक्रेन के ही दृढ़ता का प्रमाण था। ऑस्टिन ने पोलैंड से ट्रेन यात्रा के बाद राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से रात भर एक बैठक में कहा कि कीव की लड़ाई में रूसियों को खदेड़ने में आपने जो किया है वह असाधारण है और बाकी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। हम हर संभव आपका समर्थन करेंगे। वहीं ब्लिंकन ने कहा कि इस भयानक रूसी आक्रमण को पीछे धकेलने में यूक्रेन की उपलब्धि की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि रूस के युद्ध का उद्देश्य पहले ही विफल हो चुका है और यूक्रेन पहले ही सफल हो चुका है। पोलैंड में यूक्रेन से वापस जाने पर ऑस्टिन ने एक ब्रीफिंग में कहा कि हम रूस को इस हद तक कमजोर देखना चाहते हैं कि वह उस तरह की चीजें नहीं कर सके, जो उसने यूक्रेन पर हमला करने में की है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि दोनों ने यूक्रेन और इस क्षेत्र के अन्य देशों के लिए नई सहायता में 713 मिलियन डॉलर का वादा किया, जिसे रूसी खतरों के लिए संभावित रूप से कमजोर माना जाता है। एक अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन के लिए अतिरिक्त 322 मिलियन डॉलर की सैन्य सहायता, आक्रमण के बाद से कुल अमेरिकी सुरक्षा सहायता को लगभग 3.7 बिलियन डॉलर तक ले जाएगी। वाशिंगटन में रूस के राजदूत ने कहा कि मास्को ने एक राजनयिक नोट भेजा था जिसमें यूक्रेन को अमेरिकी हथियारों की खेप को रोकने की मांग की गई थी। यूक्रेन की सैन्य कमान ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि रूस अपने रेल बुनियादी ढांचे पर बमबारी करके अपने सहयोगियों से यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति को बाधित करने की कोशिश कर रहा था।

**यूक्रेन के पांच रेलवे स्टेशन को बनाया निशाना –** रूसी सेना ने सोमवार को यूक्रेन के पांच रेलवे स्टेशनों को निशाना बनाया। इन हमलों में दर्जनों लोगों के मारे जाने की आशंका है। जिन रेलवे स्टेशनों को निशाना बनाया गया वे मध्य और पश्चिमी यूक्रेन के हैं। इस बीच रूस के सीमावर्ती ब्रियांस्क इलाके में तेल भंडार में आग लगने की खबर है। इस अग्निकांड में किसी के घायल होने या मरने की खबर नहीं है। यूक्रेन के क्रिमेनचुक इलाके में रूसी सेना ने एक तेलशोधक कारखाने (रिफाइनरी) और बिजलीघर पर मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले में बड़े नुकसान के साथ एक व्यक्ति के मरने की खबर है। रूसी सेना ने मध्य यूक्रेन के विनित्सिया क्षेत्र के दो कस्बों पर भी राकेट से हमला किया। इस बीच यूक्रेनी सेना के जनरल स्टाफ ने बताया है कि मारियुपोल की अजोवस्टाल स्टील फैक्टरी के भीतर मौजूद सैनिकों और नागरिकों पर मिसाइलों और बमों से हमले जारी हैं। फैक्टरी में करीब दो हजार सैनिक और एक हजार नागरिक फंसे हुए हैं। नागरिकों ने यूक्रेन सरकार और अंतरराष्ट्रीय जगत से मदद की गुहार लगाई है। रूस ने इन सभी से समर्पण करने के लिए कहा है लेकिन वे समर्पण करने के लिए तैयार नहीं हो रहे।

**यूक्रेन की सीमा से लगे गांव में गोलाबारी में दो घायल –** यूक्रेन की सीमा से लगे रूस के बेलगोरोड क्षेत्र के एक गांव में गोलाबारी में दो लोग घायल हो गए। इस क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। ग्लैडकोव ने कहा कि नवीनतम गोलाबारी में कुछ घर क्षतिग्रस्त हो गए, बिना अधिक जानकारी दिए। उन्होंने इससे पहले सोमवार को कहा था कि एक अन्य गांव में गोलाबारी में चार घर और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। दक्षिणी रूसी क्षेत्रों के अधिकारियों ने पिछले कुछ हफ्तों में उन मामलों की रिपोर्ट की है जिनमें सीमा पार से गोलाबारी से आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा था।

# चीन सेना पर खर्च रहा बेतहाशा रकम

**-भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया की कुल राशि से अधिक है रक्षा बजट**



**बीजिंग (ईएमएस)।** चीन की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में सेना है और वह अपनी सेना पर बेतहाशा राशि खर्च कर रहा है। भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया द्वारा सामूहिक रूप से अपनी सेना पर जितना खर्च किया जाता है, चीन उससे अधिक खर्च कर रहा है। 2021 में चीन का रक्षा खर्च 293 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो भारत (76.6 अरब), जापान (54.1 अरब डॉलर), दक्षिण कोरिया (50.2 अरब डॉलर) और ऑस्ट्रेलिया (31.8 अरब डॉलर) के सामूहिक खर्च से काफी ज्यादा है। स्वीडिश थिंक-टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में ये बात सामने आई। इसमें कहा गया, '2021 में चीन का 293 बिलियन डॉलर का खर्च 2020 से 4.7 फीसदी और 2012 से 72 फीसदी की वृद्धि है। इसका खर्च लगातार 27 वर्षों से बढ़ा है। यह किसी भी देश द्वारा वृद्धि का सबसे लंबा समय है। अमेरिका के बाद चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा खर्च करने वाला देश है। भारत, जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया तीसरे, नौवें, दसवें और बारहवें सबसे बड़े खर्च करने वाले देश हैं।" स्वीडन स्थित रक्षा ह्यथिंक-टैंकह्न सिपरी ने सोमवार को कहा कि पहली बार वैश्विक सैन्य व्यय 2000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका इस मामले में पहले नंबर पर है।स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि 2021 में कुल वैश्विक सैन्य खर्च वास्तविक रूप से 0.7 प्रतिशत बढ़कर 2,113 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में सबसे ज्यादा रक्षा व्यय करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, भारत, ब्रिटेन और रूस थे जिन्होंने कुल मिलाकर 62 प्रतिशत खर्च किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में भी वैश्विक सैन्य खर्च बढ़ता रहा और यह 2,113 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार सातवां साल था जब रक्षा खर्च बढ़ा। सिपरी के सैन्य व्यय और हथियार उत्पादन कार्यक्रम के वरिष्ठ शोधकर्ता डिएगो लोप्स डा सिल्वा ने कहा, "कोविड-19 महामारी के बीच आर्थिक गिरावट के बाद भी विश्व सैन्य व्यय रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।" इस बीच, रूस का सैन्य खर्च 2021 में 2.9 प्रतिशत बढ़कर 65.9 अरब डॉलर हो गया वहीं 2014 में क्रीमिया पर कब्जे किए जाने के बाद से यूक्रेन के सैन्य खर्च में 72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस बीच 2021 में भारत का सैन्य खर्च बढ़कर 76.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2020 के आंकड़ों से 0।9 प्रतिशत अधिक है। भारत का सैन्य व्यय दुनिया में तीसरे नंबर पर था। भारत का सैन्य खर्च 2020 से 0.9 प्रतिशत और 2012 से 33 प्रतिशत अधिक रहा। पांच मई, 2020 को पैंगोंग झील क्षेत्रों में हिंसक झड़पों के बाद भारत और चीन की सेनाओं के बीच पिछले 23 महीनों से पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध कायम हैं। दोनों ओर से अभी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर करीब 50,000 से 60,000 सैनिक तैनात हैं। भारत ने अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वदेशी हथियार उद्योग को मजबूत बनाने के लिए, 2021 के भारतीय सैन्य बजट में पूंजी परिव्यय का 64 प्रतिशत घरेलू उत्पादित हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित किया गया था। इसमें कहा गया है, 2021 में सैन्य खर्च करने वाले पांच सबसे बड़े देशों में अमेरिका, चीन, भारत, ब्रिटेन और रूस थे जो कुल मिलाकर दुनिया के सैन्य खर्च का 62 प्रतिशत हिस्सा था। अकेले अमेरिका और चीन का हिस्सा 52 प्रतिशत था।

# भारत को 'विशेष चिंता वाले देशों' में शामिल करने यूएस आयोग ने की अनुशंसा

**-कई बार नकारी जा चुकी है यह मांग**

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** यूएस आयोग यानि अमेरिकी कांग्रेस द्वारा गठित एक अर्ध-न्यायिक निकाय ने अमेरिकी प्रशासन से भारत, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और 11 अन्य देशों को धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति के संदर्भ में 'विशेष चिंता वाले देश' में शामिल करने की अनुशंसा की है। भारत ने पूर्व में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी निकाय ने केवल उस मामले पर अपने पूर्वाग्रहों द्वारा निर्देशित होने का चयन किया है, जिस पर उसे हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की सिफारिशें अमेरिकी सरकार पर बाध्यकारी नहीं हैं। यूएससीआईआरएफ ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में जिन अन्य देशों को इसके लिए वर्गीकृत करने की सिफारिश की है उनमें बर्मा, इरीट्रिया, ईरान, नाइजीरिया, उत्तर कोरिया, रूस, सऊदी अरब, सीरिया, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और वियतनाम शामिल हैं। यूएससीआरएफ ने पिछले साल भी अमेरिकी सरकार को इसी तरह की सिफारिश की थी जिसे बाइडेन प्रशासन ने स्वीकार नहीं किया था। भारत यूएससीआईआरएफ की रिपोर्टों को पूर्व में भी खारिज कर चुका है। विदेश मंत्रालय ने पूर्व में कहा था, 'हमारी सैद्धांतिक रुख यह है कि हम अपने नागरिकों के संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकारों की स्थिति पर किसी विदेशी संस्था का कोई अधिकार नहीं देखते।' विदेश मंत्रालय ने कहा था, 'भारत में एक मजबूत सार्वजनिक विमर्श और संवैधानिक रूप से अनिवार्य संस्थान हैं जो धार्मिक स्वतंत्रता और कानून के शासन के संरक्षण की गारंटी देते हैं।' पिछले साल इसके द्वारा की गई सिफारिशों में, पांच देशों- अफगानिस्तान, भारत, नाइजीरिया, सीरिया और वियतनाम को अमेरिकी सरकार द्वारा विशेष चिंता वाले देश के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। यूएससीआरएफ ने कहा, '2021 में, भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति काफी खराब हुई। वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने नीतियों के प्रचार और प्रवर्तन को बढ़ाया- जिसमें हिंदू-राष्ट्रवादी एजेंडे को बढ़ावा देना शामिल है- जिसने मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, दलितों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।'

# तानाशाह किम जोंग उन ने दुनिया को फिर डराया

**-सैन्य परेड में प्रदर्शित की घातक मिसाइलें**



**प्योंगयांग (ईएमएस)।** सनकी तानाशाह के नाम कुख्यात उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन का शस्त्रों का मोह दुनिया के लिए खतरनाक हो सकता है उन्होंने एक बार फिर से दुनिया को अपनी महाविनाशक मिसाइलें दिखाकर डराने का प्रयास किया है। किम जोंग उन ने देश की बहुचर्चित सैन्य परेड में अमेरिका तक मार करने वाली अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों का प्रदर्शन किया। इस परेड में किम जोंग उन ने ऐलान किया कि वह देश के परमाणु हथियारों को 'बढ़ाएंगे और विकसित' करेंगे। उत्तर कोरिया ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने सैन्याभ्यास किया है और पूरे कोरियाई प्रायद्वीप का माहौल गरम है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी के मुताबिक किम जोंग उन ने कहा, 'हम अपने देश के परमाणु हथियारों की क्षमता को सबसे तेज गति से बढ़ाने और उन्हें विकसित करने के लिए कदम उठाते रहेंगे।' सोमवार को हुई इस परेड को उत्तर कोरिया की सेना के स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया था। विश्लेषकों का कहना है कि यह परेड रात को करीब 10 बजे शुरू हुई। इससे पहले खबर आई थी यह परेड टल सकती है लेकिन ऐस हुआ नहीं। उत्तर कोरिया की सरकार का दावा है कि किम जोंग उन के दादा और देश के पहले सुप्रीम लीडर किम इल सुंग ने साल 1932 में जापानी सेना से लड़ने के लिए उत्तर कोरिया की गुरिल्ला सेना का गठन किया था। बताया जा रहा है कि इस परेड में 20 हजार सैनिक शामिल हुए। दावा किया जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने 250 घातक हथियारों का प्रदर्शन किया। इसमें हवासोंग-8 और हवासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें शामिल हैं जो अमेरिका तक मार कर सकती हैं। खबरों के मुताबिक उत्तर कोरिया ने अपनी सबमरीन से लांच की जाने वाली मिसाइल का भी प्रदर्शन किया है। इस परेड को देखते हुए टाइडोंग रिवर पर दो पांटून पुल बनाए गए थे। साल 2011 में किम जोंग उन के सत्ता में आने के बाद अब तक ऐसी 9 परेड का उत्तर कोरिया आयोजन कर चुका है। परेड से पहले उत्तर कोरिया ने एक बयान जारी करके कहा था कि उनके पास अपराजेय ताकत है और दुनिया इसे अनदेखी नहीं कर सकती है और छू नहीं सकती है। उसका इशारा परमाणु हथियारों की ओर था।

## आज का इतिहास 27 अप्रैल

1526 बाबर ने खुद को दिल्ली का बादशाह घोषित किया.

1705 औरंगजेब ने वागिनगेरा किले पर कब्जा किया.

1748 मुगल शासक मुहम्मद शाह का निधन.

1830 साइमन बोलिवार ने कोलंबिया के राष्ट्रपति का पद छोड़ा.

1878 कलकत्ता विश्वविधालय ने महिलाओं को प्रवेश देने का फैसला किया.

1909 युवा तुर्को ने तुर्की के सुल्तान अब्दुल हमीद को गद्दी से हटा दिया.

1910 लुई बोथा और जेम्स हर्जोग ने साऊथ अफ्रीकन पार्टी का गठन किया.

1960 दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति सिंगमैन री ने इस्तीफा दिया और टोगो स्वतंत्र गणराज्य बना.

1971 अमेरिकी वैज्ञानिक सैमुअल एफ.बी.मोर्स का जन्म.

1972 एमेरिकी अपोलो–16के अंतरिक्ष यात्री प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतरे.

1974 सोवियत विमान लेनिनग्राद से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 108 लोग मारे गये.

1994 अमेरिका और छह अरब देशों ने इराक की निंदा की और अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध बनाये रखने का समर्थन किया.

1999 उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले में असम अवध एक्सप्रेस और बारातियों से भरी एक बस की टक्कर में 43 लोगों की मृत्यु.

# यूक्रेन से डोनबास कट गया तो भुखमरी की कगार पर जा पहुंचेगी दुनिया

**कीव (ईएमएस)।** यूरोप का पूर्वी हिस्सा इस समय तनाव से जूझ रहा है। दो महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है। इस लड़ाई का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। इस युद्ध की वजह से ग्लोबल सप्लाई चेन टूट गई है, जो अगले दिनों में खाद्यान्न संकट के रूप में सामने आ सकती है। अब युद्ध अपने दूसरे दौर में प्रवेश कर गया है। रूसी सेना कीव से पीछे हट रही है और अब उसका टारगेट पूर्वी यूक्रेन का डोनबास इलाका है। वह इस क्षेत्र पर कब्जा करके इसे क्रीमिया से जोड़ना चाहती है, जिस पर पहले ही 2014 में रूस कब्जा कर चुका है। अगर डोनबास पर रूस का कब्जा होता है तो यह पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन को उसके सबसे उपजाऊ इलाके और प्रमुख निर्यात केंद्र से काटने से वैश्विक खाद्य निर्यात पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। यूक्रेन पर रूसी हमले ने दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं के दामों को बढ़ा दिया है जो इस युद्ध के वैश्विक प्रभावों में सबसे प्रमुख है। अब रूस का फोकस पूर्वी यूक्रेन के सैन्य अभियान पर है। डोनबास में सैनिकों की संख्या बढ़ रही है और पुतिन यूक्रेन के बंदरगाह शहर मारियुपोल पर 'जीत' का दावा कर चुके हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यूक्रेनी बंदरगाहों और बड़े पैमाने पर उपजाऊ भूमि पर रूस का कब्जा यूक्रेन के खाद्य निर्यात पर दीर्घकालिक असर डालेगा जो पूरी दुनिया में महसूस किया जाएगा। डोनबास 'यूक्रेन की थाली' है जहां से खाद्य वस्तुएं पूरी दुनिया में पहुंचती हैं। यूक्रेनियन एग्रीबिजनेस क्लब के डायरेक्टर रोमन स्लेस्टोन ने कहा कि इस गैप को भरने के लिए कोई दूसरा विकल्प मौजूद नहीं है। यूक्रेन की फूड सप्लाई के बिना कई देशों में भुखमरी, भूख से दंगे और पलायन का खतरा पैदा हो जाएगा। 2021 में यूक्रेन बाजार में 10 फीसदी हिस्सेदारी के साथ गेहूं निर्यात करने वाला छठा सबसे बड़ा देश था। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक यूक्रेन धान और सूरजमुखी के बीज निर्यात करने वाले दुनिया के प्रमुख देशों में है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के मुताबिक अफ्रीका और मिडिल ईस्ट में खाई जाने वाली हर दूसरी से तीसरी रोटी यूक्रेनी गेहूं से बनी होती है।

# चीन की राजधानी बीजिंग में कोरोना का कोहराम

**-लोगों को हफ्ते में तीन बार टेस्ट के दिए निर्देश**

**बीजिंग (ईएमएस)।** चीन में इन दिनों कोविड-19 के वायरस का हमला तेज हो गया है जिसके चलते यहां कोहराम मचा है। चीन की राजधानी बीजिंग के सबसे बड़े जिले चाओयांग ने अपने निवासियों के लिए हफ्ते में तीन बार टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। कोरोना टेस्टिंग बढ़ने के साथ ही लोगों को शंघाई जैसे कड़े लॉकडाउन का डर भी सता रहा है। इसी वजह से जरूरी सामान की दुकानों पर लोगों की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है। बीजिंग में खाने-पीने का सामान, अनाज और मीट की कमी देखने को मिल रही है। पिछले तीन दिनों में ही दर्जनों मामले सामने आए हैं। सोमवार को बीजिंग में 70 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से 46 चाओयांग में थे। 2.2 करोड़ लोगों वाले बीजिंग शहर में चाओयांग में 35 लाख लोग रहते हैं। हालांकि संक्रमितों की संख्या भले ही कम हो, लेकिन कोरोना से बचाने के लिए सरकार शंघाई जैसा कड़ा लॉकडाउन लगा सकती है। बता दें कि शंघाई में पिछले चार हफ्तों से सख्त लॉकडाउन है। चीन इस समय तेजी से फैलने वाले कोविड-19 के ओमिक्रॉन वेरिएंट से लड़ रहा है। बीजिंग का चाओयांग व्यापार का केंद्र है। यहां बड़ी-बड़ी इमारतों के साथ ही कई बड़े मॉल और दूतावास स्थित हैं। बीजिंग के 16 में से आठ जिलों में अब तक कोरोना के मामले सामने आए हैं, जहां एक भी मामले होने पर अधिकारी बिल्डिंग को सील कर रहे हैं। एक सरकारी अधिकारी ने रविवार को कहा था कि संक्रमण की एक चेन हफ्ते भर के लिए शहर में फैल गई थी, जिसके बाद वह सतर्क हो गए। शंघाई के मुकाबले राजधानी के मामले कम हैं, लेकिन वहां खाने की कमी शुरू हो गई है, जिससे ऐसा लगता है कि बीजिंग के लोग किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई मार्केट में खाने की भारी मात्रा में कमी हो गई है। डिलीवरी एप्स की ओर से भी कह दिया गया है कि वह सब्जी और मीट से आउट ऑफ स्टॉक हैं। सोशल मीडिया पर लोग लगातार अपने जानने वालों से कह रहे हैं कि वह जरूरत के सामानों को स्टॉक कर लें, क्योंकि कभी भी लॉकडाउन लग सकता है। अधिकारियों की ओर से निर्देश दिया गया है कि चाओयांग में रहने वाले और काम करने वाले लोगों को हफ्ते में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को कोरोना टेस्टिंग करानी होगी। बाद में उन्होंने यह भी कहा कि बड़े पैमाने पर टेस्टिंग को 10 अन्य जिलों के लिए भी बढ़ा दिया गया है। अधिकारियों की घोषणा के बाद से ही लगातार लोगों ने सामानों को स्टॉक करना शुरू कर दिया है।

# 75 साल बाद अपनी फैमिली से मिला शख्स, खुशी से आंसू छलक पड़े

**लंदन (ईएमएस)।** शख्स 75 साल बाद अपनी फैमिली से मिला, तब उसकी आंखों में आंसू छलक पड़े। वहां 8 साल की उम्र में अपने पैरेंट्स से बिछड़ गया था। शख्स ये मानकर चल रहा था कि या वहां अनाथ है, या फिर मां-बाप ने उस छोड़ दिया है। हालांकि, अब उसकी मुलाकात अपने बिछड़े हुए परिवार से हो गई है। खुद शख्स ने अपनी आपबीती दुनिया को बताई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस शख्स का नाम डोरियन रीस है। डोरियन को 'बाल प्रवासी कार्यक्रम' नामक योजना के तहत आठ साल की उम्र में ब्रिटेन से ऑस्ट्रेलिया भेज दिया गया था। डोरियन उन हजारों ब्रिटिश बच्चों में से एक थे, जिन्हें 1946 से 1970 के बीच हजारों मील दूर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेशों में भेजा गया था। ऑस्ट्रेलिया में रहते हुए जैसे-जैसे डोरियन बड़े हुए उन्हें यकीन होता गया कि वहां अनाथ हैं। उनका बचपन बेहद दयनीय स्थिति में गुजरा। डोरियन की देखभाल करने वाले लोगों ने उन्हें मारा-पीटा और उनके साथ बुरा बर्ताव किया। हालांकि, गुजरते हुए समय के साथ डोरियन अपने पैरों पर खड़े हुए और अपनों की तलाश जारी रखी। इस बीच रीस की मुलाकात ब्रिटेन में रहने वाली उनकी एक भतीजी ऐनी से हुई। जिसकी मदद से बाद में वहां अपनी मां से मिले। दरअसल, डोरियन को इसका अंदाजा नहीं था कि उनका परिवार ब्रिटेन में रहता है।

लेकिन कुछ समय पहले वहां अपनी पत्नी केया के साथ लंदन गए थे, जहां उन्होंने ऐनी की मदद से अपनी मां को ट्रैक किया, जिनका व्हाइटचैपल मार्केट में स्टॉल था। स्टॉल में जब केया ने डोरियन की मां से पूछा कि क्या वहां अपने बेटे के बारे में जानती हैं तब वह चौंक पड़ीं। जब डोरियन उनके सामने आए, तब दोनों गले लगाकर खूब रोए सालों बाद मां-बेटे मिले थे। हालांकि, इस मुलाकात के कुछ वक्त बाद ही डोरियन की मां की मौत हो गई।

# पाकिस्तान के खिलाफ खुलकर सामने आया तालिबान, संयुक्त राष्ट्र में की शिकायत



**न्यूयॉर्क, (हि.स.)।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अफगानिस्तान की सत्ता संभाल रहा तालिबान अब पाकिस्तान के खिलाफ मुखर होकर सामने आया है। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की शिकायत की है। तालिबान ने पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में हवाई हमलों का आरोप लगाया है। पाकिस्तान में लगातार आतंकी हमलों के लिए प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे अफगानिस्तान स्थित कई आतंकी संगठनों को जिम्मेदार माना जा रहा है। पाकिस्तान ने स्पष्ट शब्दों में तालिबान से कहा है कि वह या तो इन आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे या फिर इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। पिछले दिनों पाकिस्तान ने एयर स्ट्राइक कर अफगानिस्तान में आतंकी अड्डों पर हमला भी किया था। तालिबान इन आतंकी संगठनों को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। तालिबान का मानना है कि इन संगठनों ने अमेरिकी नेतृत्व वाले विदेशी सुरक्षा बलों से लड़ाई में तालिबान की मदद की थी, इसलिए उन्हें समाप्त नहीं किया जा सकता। अब तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा कर पलटवार किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से नसीर अहमद फैक ने शिकायत की है कि पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के खोश्त और कुनार प्रांत में हवाई हमले किए। तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान सेना के हवाई हमले में 40 लोगों की मौत हुई है। इनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बहुत से घरों को भी नुकसान पहुंचा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को भेजे पत्र में अफगानिस्तान ने लिखा है कि पाकिस्तान की सेना ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानवाधिकार नियमों और संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांतों का उल्लंघन किया है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का भी इससे हनन हुआ है। साथ ही पाकिस्तान को ऐसे हमलों से दोनों देशों के रिश्ते और क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने की चेतावनी भी दी गयी है।

DELHI CRIME 27 apr 2022:Layout 1 4/26/2022 7:08 PM Page 5



# एलआईसी का आईपीओ मई के पहले हफ्ते में होने जा रहा लॉन्च




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में निवेश करने वाले निवेशकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी का आईपीओ मई के पहले हफ्ते में लॉन्च होने जा रहा है। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एलआईसी का आईपीओ 4 मई को खुलेगा, जबकि 9 मई को बंद होगा। हालांकि, सरकार ने इस आईपीओ के प्राइस बैंड की जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की है। लेकिन, आईपीओ का आकार 21 हजार करोड़ रुपये का अनुमान है। एलआईसी के आईपीओ में निवेशक 9 मई, 2022 तक बोली लगा सकते हैं, जबकि एंकर निवेशकों के लिए आईपीओ 2 मई को खुलेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने हाल ही में सेबी के पास एलआईसी के आईपीओ के लिए संशोधित रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) को जमा कराया है। सरकार एलआईसी के आईपीओ में अपनी 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी, जबकि 5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना थी। दरअसल सरकार ने शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव और निवेशकों की मांग में कमी आने की आशंका के चलते बेची जाने वाली हिस्सेदारी को घटाया है। उल्लेखनीय है कि सरकार के पास एलआईसी की 100 फीसदी हिस्सेदारी है। रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले तक सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी की वैल्युएशन 12 लाख करोड़ रुपये आंकी गई थी, जो अब घटकर आधी हो गई है। इसके बावजूद एलआईसी का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। ऐसे में सरकार 6 लाख करोड़ रुपये के वैल्युएशन पर भी 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर इससे लगभग 21 हजार करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रही है।

# एलन मस्क ने खरीदा ट्विटर, 44 अरब डॉलर में हुआ ये सौदा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने आखिरकार सोशल मीडिया साइट ट्विटर को खरीद लिया। एलन मस्क ने 44 अरब अमेरिकी डॉलर में ट्विटर को खरीदा है। इससे पहले ट्विटर बोर्ड ने एलन मस्क का ऑफर स्वीकार कर लिया था। कंपनी की ओर से देर रात यह जानकारी दी गई। ट्विटर इंक ने बताया कि इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के साथ 44 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 3368 अरब रुपये) में यह सौदा हुआ है। ट्विटर ने ट्वीट कर कहा कि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह एक निजी स्वामित्व वाली कंपनी बन जाएगी। ट्विटर ने इस डील की घोषणा शेयरधारकों को लेनदेन की सिफारिश करने की बोर्ड की बैठक के बाद की है। अमेरिकी पॉपुलर सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर को खरीदने की डील फाइनल होने के बाद एलन मस्क ने ट्वीट कर कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे सबसे बुरे आलोचक भी ट्विटर पर बने रहेंगे, क्योंकि फ्री स्पीच का यही मायने है। इससे पहले मीडिया में इस तरह की खबर थी कि ट्विटर 54.20 डॉलर प्रति शेयर की कीमत पर एलन मस्क के हाथ में जा सकता है। उल्लेखनीय है कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने ट्विटर में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी यानी करीब 7.35 करोड़ शेयर खरीदे थे, जिससे वे सोशल मीडिया कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारक बन गए थे। इसके बाद एलन मस्क ने ट्विटर को एक पत्र भेजकर कंपनी के बाकी शेयरों को खरीदने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने ट्विटर इंक के प्रत्येक शेयर के लिए 54.20 डॉलर की पेशकश की है।


# अडानी ग्रुप की लंबी छलांग, बाजार खुलते ही अडानी विल्मर का मार्केट कैप एक लाख करोड़ के शीर्ष पर पहुंचा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत के कारोबारी गौतम अडानी ने दुनिया के शीर्ष धनाढ्यों में पांचवा स्थान बनाते ही उनकी कंपनियों के शेयरों में आज भारी तेजी दिख रही है। ग्रुप की दो कंपनियों अडानी पावर और अडानी विल्मर के शेयरों ने आज फिर अपर सर्किट छू लिया। इसके साथ ही अडानी विल्मर का मार्केट कैप भी एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस तरह ग्रुप की सातों लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप अब एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। अडानी पावर ने सोमवार को यह मुकाम हासिल किया था। अडानी विल्मर फरवरी में लिस्ट हुई थी और अब तक वह निवेशकों के पैसों को तिगुना कर चुकी है। अडानी विल्मर के शेयर ने मंगलवार को मार्केट खुलते ही पांच प्रतिशत का अपर सर्किट छू लिया और 802.80 रुपये पर पहुंच गया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 1,04,338.20 करोड़ रुपये पहुंच गया। इससे पहले अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी ट्रांसमिशन, अडानी टोटल गैस, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशन इकनॉमिक जोन और अडानी पावर यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं।

इन सभी कंपनियों के शेयरों में आज तेजी दिख रही है। इस बीच अडानी पावर का शेयर भी बाजार खुलते ही अपर सर्किट छू लिया। यह पांच फीसदी तेजी के साथ 285.75 रुपये पर पहुंच गया जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। इस शेयर में पिछले एक महीने में 114 फीसदी तेजी आई है। कंपनी के शेयरों में इस महीने 51 फीसदी और इस साल 170 फीसदी से अधिक तेजी आई है। इसके साथ ही इसका मार्केट कैप 1,10,212.03 करोड़ रुपये पहुंच गया। देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में यह 48वें नंबर पर पहुंच गई है जबकि अडानी विल्मर 50वें नंबर पर है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ खुला




**मुंबई (ईएमएस)।** मुम्बई शेयर बाजार तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त से बाजार उछला है। शुरूआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स करीब 657.67 अंक बढ़कर 57,237.56 पर कारोबार कर रहा था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी तकरीबन 204.35 अंक ऊपर आकर 17,158.30 पर पहुंच गया था। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स के सभी शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, आईटीसी, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयर बढ़े हैं। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 3,302.85 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस निकासी से बाजार पर दबाव भी रहा, इसके बाद भी बाजार ऊपर आया है।

# बीयर शौकीनों को लग सकता है झटका, बढ़ सकते है 15 फीसदी तक दाम



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बीयर पीने के शौकीनों के लिए बुरी खबर आ रहा है क्योंकि ज्यादा ही इसकी कीमतों में 15 फीसदी का उछाल आने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, बीयर बनाने वाली कंपनियां महंगे जौ और अन्य कच्चा माल लागत के चलते बीयर के दाम 10-15 फीसदी बढ़ाने की सोच रही हैं। बीयर बनाने के लिए जौ प्रमुख सामग्री है। जौ की कीमतें पिछले साल 65 फीसदी बढ़ी हैं। इसके अलावा इंडस्ट्री को पैकेजिंग और ट्रान्सपोर्टेशन के बढ़े हुए खर्च को भी देखना होता है। भारत में शराब की कीमतें राज्यों द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। तेलंगाना और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों ने शराब की कीमतें बढ़ा दी हैं, जबकि अन्य राज्यों का ऐसा करना अभी बाकी है। बीयर की सालाना बिक्री में 40-45 फीसदी का योगदान मार्च-जुलाई अवधि में हुई बिक्री का रहता है। भारत व दक्षिण पूर्व एशिया के लिए प्रोक्योरमेंट व सस्टेनेबिलिटी के हेड अश्विन काक का कहना है कि कमोडिटी और नॉन कमोडिटी प्राइस से जुड़ी चुनौतियां हाल-फिलहाल खत्म होने नहीं होने वाली हैं क्योंकि हर गुजरते महीने के साथ ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियां और गहराती जा रही हैं। कच्चा माल जैसे जौ के दाम और पैकेजिंग कॉस्ट उच्च बनी हुई है, जो प्राइसिंग व उपलब्धता परिदृश्य के संदर्भ में हमेशा हमेशा सबसे ज्यादा स्थिर रहती है।

# फ्यूचर समूह अपनी कंपनियों को पटरी पर लाने और उन्हें पुनर्गठित करने पर काम करेगा

**मुंबई (ईएमएस)।** कर्ज में डूबा फ्यूचर समूह रिलायंस रिटेल के साथ 24,713 करोड़ रुपये का सौदा समाप्त होने के बाद अपनी कंपनियों को पटरी पर लाने और उन्हें पुनर्गठित करने पर काम करेगा। इन कंपनियों में फ्यूचर लाइफस्टाइल फैशन, फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस, फ्यूचर कंज्यूमर और फ्यूचर एंटरप्राइजेज शामिल हैं। उद्योग सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सुरक्षित माने जाने वाले कर्जदाताओं ने रिलायंस रिटेल के साथ सौदे को मंजूरी नहीं दी है। उसके बाद उक्त संभावना जाहिर की गई है। हालांकि, फ्यूचर समूह की प्रमुख कंपनी फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा। कंपनी के ऊपर 18,000 करोड़ रुपये का कर्ज है। फ्यूचर समूह से जुड़े सूत्रों ने कहा कि फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड(एफईएल),फ्यूचर लाइफस्टाइल फैशन लिमिटेड (एफएलएफएल), फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड (एफएससीएसएल), फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड (एफसीएल) जैसी अन्य कंपनियां अपने दम पर बाजार में टिक सकती हैं और मौजूदा कर्जदाताओं तथा निवेशकों की मदद से अपनी देनदारियों का पुनर्गठन करके नये सिरे से काम शुरू सकती हैं। एक सूत्र ने कहा, फ्यूचर एंटरप्राइजेज के ऊपर 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज है, कंपनी अपनी हिस्सेदारी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कारोबार को बेच रही है। जिससे करीब 3,000 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। सौदा लगभग पूरा हो चुका है। इससे एफईएल के ऊपर कर्ज कम होगा और जो ऋण बचेगा, उसका वह प्रबंधन कर सकती है। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड के पास कर्नाटक के तुमकुर में 110 एकड़ में फैला फूड पार्क है। कंपनी के पुनर्निर्माण में इसका लाभ उठाया जा सकता है। सूत्र ने कहा कि फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के देशभर में गोदाम हैं। कंपनी के पास नागपुर में देश का सबसे बड़े और स्वचालित वितरण केंद्रों में से एक है। इसकारण निवेशक इन कंपनियों को आगे बढ़ाने और पुनर्निर्माण करने को अधिक इच्छुक होगा। इस बारे में संपर्क किये जाने पर फ्यूचर समूह ने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

# इनफिनिक्स स्मार्ट 6 होगा 27 अप्रैल को लांच




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय बाजार में नया इनफिनिक्स स्मार्ट 6 आगामी 27 अप्रैल को लांच होगा। कंपनी ने ट्वीट करके यह जानकारी दी है। लॉन्च के बाद इनफिनिक्स स्मार्ट 6 को एक्सक्लूसिव तौर पर फलीपकार्ट पर बेचा जाएगा। ये इंडस्ट्री का पहला एंटीबैक्टीरियल मैटेरियल बैक डिजाइन से बना है। फ्लिपकार्ट पर इनफिनिक्स स्मार्ट 6 के लिए अलग से एक माइक्रोसाइट भी तैयार की गई है जिससे फोन के डिजाइन और कुछ खास फीचर्स का पता चला है।इस इनफिनिक्स फोन में 6.6 इंच की आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले मिलेगी जो 720 एक्स1600 पिक्सल रिजॉल्यूशन ऑफर करेगी। फोन 500 निट्स पीक ब्राइटनेस और 89 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो के साथ आएगा। फोन में 64 जीबी की इंटरनल स्टोरेज और 4 जीबी तक रैम होगी। फोन 2 जीबी+ 2जीबी वर्चुअल रैम सपोर्ट देगा। फलीपकार्ट पर फोन की तस्वीर से डिजाइन का पता चला है, सिक्योरिटी के लिए फोन के बैक पैनल पर फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है, इसके अलावा फोन में ग्राहकों को फेस अनलॉक का भी सपोर्ट मिलेगा।

# कई कंपनियां लॉन्च करने वाली शानदार कारें

## -नई मारुति ऑल्टो समेत ये 4 छोटी कारें होगी जल्द लांच




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आगामी समय में न्यू मारुति ऑल्टो के साथ ही नेक्स्ट जेनरेशन मारुति स्विफ्ट, सिट्रोएन सी3 और महिंद्रा केयूवी100 इलेक्ट्रिक जैसी हैचबैक और माइक्रो एसयूवी कारें आ रही हैं। चलिए, आपको मारुति, महिंद्रा और सिट्रोएन की अपकमिंग कारों के बारे में बताते हैं। भारत में सबसे ज्यादा कारें बेचने वाली मारुति सुजुकी इस साल अब तक कई पॉपुलर कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश कर चुकी हैं, जिनमें बलेनो, सिलेरियो, वैगनआर के साथ ही अर्टिगा और एक्सएल6 के 2022 मॉडल हैं। अब मारुति सुजुकी ऑल्टो 800 का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल आने वाला है, जो कि बेहतर लुक और फीचर्स के साथ ही ज्यादा पावरफुल इंजन से लैस हो सकती है। नई ऑल्टो में ज्यादा स्पेस भी है। इसके साथ ही मारुति सुजुकी इस साल अपनी बेस्ट सेलिंग हैचबैक स्विफ्ट का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश करने की तैयारी में है, जो कि ज्यादा अग्रेसिव लुक और पावरफुल फीचर्स के साथ ही ज्यादा फ्यूल एफिसिएंट होगी।इस साल महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी सस्ती इलेक्ट्रिक कार महिंद्रा केयूवी इलेक्ट्रिक के प्रोडक्शन रेडी मॉडल के लुक और फीचर्स से पर्दा उठाने के साथ ही इसकी कीमतों का भी खुलासा कर सकती है। महिंद्रा की इस इलेक्ट्रिक माइक्रो एसयूवी को ऑटो एक्सपो 2020 में शोकेस किया गया था। यह इलेक्ट्रिक कार कम दाम में ज्यादा फीचर्स और अच्छी बैटरी रेंज वाली हो सकती है। इसके साथ ही फ्रेंच कार कंपनी भी आने वाले दिनों में टाटा पंच और मारुति इग्निस के साथ ही अन्य पॉपुलर हैचबैक और माइक्रो एसयूवी को टक्कर देने के लिए नई कार सिट्रोएन सी3 लॉन्च करने की तैयारी में है। यह कार पावरफुल लुक और लेटेस्ट फीचर्स से लैस है। जल्द ही सिट्रोएन सी3 की कीमत का खुलासा किया जाएगा। बता दें कि भारत में इस साल कई ऑटोमोबाइल कंपनियां शानदार कारें लॉन्च करने वाली हैं। इनमें माइक्रो एसयूवी सेगमेंट की कारें तो हैं ही, साथ ही हैचबैक सेगमेंट की भी कई कारें हैं और इनमें मारुति सुजुकी की पॉपुलर कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल भी हैं।

# टोयोटा किफायती एसयूवी और एमपीवी करेगी लॉन्च

## -भारत में सस्ती कारें ला सकती है टोयोटा




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जापानी कंपनी टोयोटा आने वाले समय में किफायती एसयूवी और एमपीवी लॉन्च कर सकती है। जहां टोयोटा की अपकमिंग कारों में टोयोटा रूमियन एमपीवी सेगमेंट में आ सकती है, वहीं एसयूवी सेगमेंट में भी कुछ खास आने वाला है। यहां बताना जरूरी है कि टोयोटा की भारत में सुजुकी के साथ पार्टनरशिप है और दोनों के संयुक्त प्रयास से टोयोटा ग्लैंजा हैचबैक से साथ ही अर्बन क्रूजर एसयूवी लॉन्च हुई है। टोयोटा इस साल में भारत में किआ कारेन्स, ह्युंदै अल्कजार और महिंद्रा मराजो समेत अन्य पॉपुलर कंपनियों की पॉपुलर 6-7 सीटर सस्ती एमपीवी को टक्कर देने के लिए नई एमपीवी टोयोटा रूमियन लॉन्च कर सकती है। हालांकि, इस बारे में कंपनी ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। टोयोटा की अपकमिंग एमपीवी में 1.5 लीटर 4 सिलिंडर नेचरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन देखने को मिल सकता है, जो कि 105 बीएचपी की पावर और 138 न्यूटन मीटर टॉर्क जेनरेट करेगा।

इस एमपीवी को भी 5 स्पीड मैनुअल और 4 स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ लॉन्च किया जा सकता है। टोयोटा जल्द ही मारुति सुजुकी के साथ मिलकर नई कॉम्पैक्ट या मिडसाइज एसयूवी लॉन्च कर सकती है, जिसका कोडनेम टोयोटा डी22 है। टोयोटा की अपकमिंग एसयूवी में हाइब्रिड टेक्नॉलजी के साथ ही अडवांस ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम और कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी समेत कई खास फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इस एसयूवी को डायहात्सु न्यू जेनरेशन आर्किटेक्चर (डीएनजीए) प्लैटफॉर्म पर डिवेलप किया जाएगा। यह एसयूवी इस साल दीवाली तक लॉन्च की जा सकती है। टोयोटा की इस मिडसाइज एसयूवी का एक्सटीरियर और इंटीरियर टोयोटा कोरोला क्रॉस पर बेस्ड हो सकता है।

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2022 वर्ष का 117 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 00.24 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 17.05 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 17.36 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 12.33 बजे तदनन्तर तैतिल 00.24 बजे रात्र को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.34 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 08.32 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 10.45 बजे से |
| बुध | वृष में | सिंह | 13.01 बजे से |
| गुरु | मीन में | कन्या | 15.13 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | तुला | 17.24 बजे से |
| शनि | मकर में | वृश्चिक | 19.39 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 21.55 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 00.00 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.46 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 03.19 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.50 बजे से |

**चन्द्रायु** 24.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 46'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871231
**जूलियन दिन** 2459696.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** रमजान
**तारीख** 25

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# टाटा नेक्सॉन ईवी का अपडेटेड मॉडल होगा लॉन्च

## - 400 किलोमीटर रेंज वाली है यह कार, होंगे कई खास फीचर्स




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में टाटा मोटर्स की बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार टाटा नेक्सॉन ईवी का अपडेटेड मॉडल जल्द लांच हो सकता है। इस कार में ढेर सारे लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही ज्यादा पावरफुल बैटरी देखने को मिलेगी। बैटरी की रेंज 400 किलोमीटर तक की हो सकती है। इस बीच टाटा मोटर्स अगले हफ्ते अपनी नई इलेक्ट्रिक कार से पर्दा उठाने वाली है। संभावना है कि नई टाटा नेक्सॉन ईवी को अगले महीने लॉन्च किया जा सकता है और इसकी शुरूआती कीमत 15 लाख रुपये से ज्यादा हो सकती है। 2022 नेक्सॉन ईवी के नए फीचर्स की बात करें तो इसमें एयर प्यूरिफायर, वेंटिलेटेड सीट्स, पार्क मोड और इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम समेत कई खास फीचर्स देखने को मिलेंगे। वहीं, नई टाटा नेक्सॉन इलेक्ट्रिक के लुक और फीचर्स की बात करें तो मौजूदा मॉडल के मुकाबले इसके अपडेटेड मॉडल में कुछ-कुछ कॉस्मेटिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। चारों पहियों में डिस्क ब्रेक, नई अलॉय व्हील, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले सपोर्ट वाला बेहतर टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जिंग जैसी खूबियां भी देखने को मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई टाटा नेक्सॉन में 40केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक देखने को मिलेगा, जिसकी सिंगल चार्ज पर बैटरी रेंज 400 किलोमीटर तक की हो सकती है। मौजूदा नेक्सॉन ईवी में 30.2केडब्ल्यूएच तक के बैटरी पैक लगे हैं और इनकी एआरएआई सर्टिफाइड सिंगल चार्ज रेंज 312केएम तक की है। वहीं, चार्जिंग के मामले में भी 2022 टाटा नेक्सॉन ईवी में फास्ट चार्जिंग सुविधा हो सकती है। नई नेक्सॉन इलेक्ट्रिक में 6.6केडब्ल्यू का एसी चार्जर लगा होगा, जिससे आप इस कार को घर पर भी कम समय में चार्ज कर सकेंगे। वहीं, फास्ट चार्जिंग पॉइंट पर तो यह घंटे भर में फुल चार्ज हो सकेगी।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी, बुधवासरे, पू.भाद्रपद नक्षत्रे, एहगयोगे, कौलव करणे, कुंभ की चंद्रमा, जातकर्म, नामाकरण, धान्य छेदन, भरण्याम रवि, मीन शुक्र 2/25 उ.तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलकारक होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य बुद्धिमान, कुशल वक्ता, शासक तथा प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, शिक्षक, शिक्षा विद, दानी, मानी, शिक्षा शास्त्री, लेक्चरार प्रोफेसर शिक्षक तथा उत्तम उद्योगपति हावेंगा।**

**मेष राशि :- तनाव, उदर रोग , मित्र लाभ राजभय तथा दाम्पत्य जीवन भी पूर्ण संतोषप्रद रहेगा।**
**वृष राशि - शत्रु भय सुख मंगल कार्य, विरोध मामले मुकदमें में प्राय जीत की संभावना है।**
**मिथुन राशि - कुसंग हानि, रोग भय, यात्रा, उद्योग व्यापार की स्थिति लाभ हानि की रहेगी।**
**कर्क राशि - पराक्रम कार्य, सिद्ध व्यापार लाभ, खेती व गृह कार्य में व्यवस्था अवश्य बढ़ेगी।**
**सिंह राशि - आशानुकूल सफलता से हर्ष, स्थिति में सुधार होगा तथा कार्य अवश्य होवें।**
**कन्या राशि - व्यर्थ धन, हर्ष होगा, कार्ये में हस्तक्षेत्र करने से तनाव अवश्य ही बनेंगा।**
**तुला राशि - कार्य गति अनुकूल, आशानुकूल सफलता का हर्ष होवें, मित्र से सहयोग अवश्य होगा।**
**वृश्चिक राशि - सामाजिक कार्यो में प्रतिष्ठा प्रभुत्व वृद्धि एवं कार्यकुशलता से संतोष होवेगा।**
**धनु राशि - कार्य कुशलता से हर्ष, योजना फलीभूत होवे तथा रुके कार्य अवश्य ही बनें।**
**मकर राशि - अधिकारियों से संपर्क से बचें, तनाव, क्लेश, अशांति बेचैनी अवश्य होगी।**
**कुंभ राशि - उद्विघ्नता, असमंजस का वातावरण मन को क्लेश युक्त बनायें।**
**मीन राशि - बिगड़े हुये कार्य बनेंगे, योजनायें फलीभूत होगी, सफलता के साधन अवश्य जुटायें।**

# किसी एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने शिखर धवन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ सोमवार को खेले गए मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। धवन ने इस मुकाबले में नाबाद 88 रनों की पारी खेली। इस पारी के साथ ही धवन के चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कुल 1029 रन हो गए हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ कुल 1018 रन बनाए हैं। रोहित के बाद दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड वार्नर हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 1005 रन बनाए हैं।

सोमवार के मैच की बात करें तो बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने चेन्नई के खिलाफ पहली पारी में निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर कुल 187 रन बनाए। धवन ने 59 गेंदों पर 88 रनों की नाबाद पारी खेली. उन्होंने उसी मैच में अपने 6,000 आईपीएल रन भी पूरे किए। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 176 रन ही बना सकी।

# फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 के 'किक ऑफ द ड्रीम' कार्निवल का हुआ आगाज



**नवी मुंबई, (हि.स.)।** फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) ने सोमवार को नवी मुंबई के एनएमएमसी यशवंत राव चव्हाण ग्राउंड में 'किक ऑफ द ड्रीम' फुटबॉल कार्निवल का शुभारंभ किया। इस कार्निवल में नवी मुंबई क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 650 से अधिक बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। फुटबॉल कार्निवल में फुटबॉल-थीम वाले मौज-मस्ती के खेलों को शामिल किया गया है। साथ ही फुटबॉल फॉर ऑल के विचारों से प्रेरित सक्रियता (एक्टिवेशन) और चुनौतियों (चैलेंजेज) से जुड़ी गतिविधियां शामिल हैं। 'किक ऑफ द ड्रीम' फुटबॉल कार्निवल का मुख्य लक्ष्य बच्चों को फुटबॉल-थीम वाली गतिविधियों के माध्यम से समावेशी भागीदारी (इन्क्लूसिव पार्टिसिपेशन) को हथियार बनाकर लैंगिक रूढ़ियों (जेंडर स्टीरियोटाइप्स) को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बड़े उत्साह, रोमांच और खुशी के साथ भाग लिया। दिन के मुख्य आकर्षण में एक हेडर चैलेंज, एक फुटबॉल-शैली की डार्ट बोर्ड चैलेंज, फ्री किक चैलेंज और ब्रश और रंगों के माध्यम से एक परिसर में बच्चों की रचनात्मकता को अभिव्यक्ति देना शामिल था। साथ ही इसमें 5 बनाम 5 फुटबॉल चुनौती का भी आयोजन किया गया, जिसमें 16 टीमें स्वस्थ और मनोरंजक प्रतिस्पर्धा में लगी रहीं। "किक ऑफ द ड्रीम फुटबॉल कार्निवल एक विशेष आयोजन है, जिसका उद्देश्य बच्चों को फुटबॉल-थीम वाले कार्यक्रमों में शामिल करना है, जहां वे टीम वर्क और लीडरशिप के बारे में सीखते हुए मजे कर सकते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस आयोजन के माध्यम से हमारा उद्देश्य बच्चों को उस आनंद का अनुभव करना है, जो विश्व के इस सबसे सुंदर खेल को खेलते हुए लाखों लोग करते हैं। फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर नंदिनी अरोड़ा ने कहा, "इस लॉन्च इवेंट की संकल्पना और क्रियान्वयन में शामिल प्रत्येक हितधारक (स्टेकहोल्डर) के उत्साह को देखना बेहद उत्साहजनक है, जो अपनी तरह का एकदम अलग इवेंट है। आखिरकार, यह कार्निवल में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह है, जो हमें फ्यूचर इवेंट्स को लेकर रोमांचित कर रहा है।" कार्निवाल में डीएमसी खेल विभाग, एनएमएमसी के मनोज कुमार महाले और डीएमसी, शिक्षा विभाग, एनएमएमसी के श्री जयदीप पवार के अलावा नंदिनी अरोड़ा और फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 के परियोजना अध्यक्ष अंकुश अरोड़ा की भी उपस्थिति देखी गई।

# चार स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर पहुंचा मेजबान जैन विश्वविद्यालय



**बेंगलुरु, (हि.स.)।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2021 में दूसरे दिन 4 स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान जैन विश्वविद्यालय पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है, वहीं, सोमवार को तैराकी स्पर्धा में छह नए रिकॉर्ड भी बने। जैन विश्वविद्यालय के नटराज ने 23.23 सेकेंड के साथ 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता और पिछले संस्करण में बनाए गए मिहिर अंब्रे के रिकॉर्ड (23.78) को तोड़ा। दूसरे दिन के अंत में, 17 विश्वविद्यालयों ने पहले ही स्वर्ण पदक जीत लिया था और 41 विश्वविद्यालयों ने पदक तालिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। तैराकी में पहला स्वर्ण पदक पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के शुभम धायगुड़े ने जीता। इसके बाद शिव श्रीधर ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 2: 05.43 के समय के साथ नया केआईयूजी रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने बाद में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। पूल में दिन के अंतिम आयोजन में, शिवाजी विश्वविद्यालय की रुजुता खाडे ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 27.38 के समय के साथ एक और केआईयूजी रिकॉर्ड तोड़ा।

उन्होंने भुवनेश्वर की साध्वी धुरी के रिकॉर्ड को एक सेकंड के लगभग छह-दसवें हिस्से से तोड़ा। शिवाजी विश्वविद्यालय तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। पंजाबी विश्वविद्यालय ने इस संस्करण में महिलाओं की 25 मीटर व्यक्तिगत पिस्टल में इशनीत औलख के माध्यम से अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने महिलाओं की भारोत्तोलन में स्नेहा ने 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। कृष्णा विश्वविद्यालय के जुटुरी कोटेश्वर राव ने महिलाओं के 73 किग्रा वर्ग में पहला स्वर्ण पदक जीता। राव ने पिछले संस्करण में महिलाओं के 67 किग्रा में रजत पदक जीता था। खेलों के तीसरे दिन आज तैराकी, भारोत्तोलन और वॉलीबॉल स्पर्धा में 22 पदकों के लिए एथलीट चुनौती पेश करेंगे।

# धोनी आईपीएल इतिहास के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर : इरफान पठान



**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान के अनुसार पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब भी नंबर एक फिनिशर हैं। इरफान के अनुसार पिछले कुछ समय में श्रेष्ठ फिनिशरों की सूची में कई नाम जुड़े जरुर हैं पर धोनी की जगह बनी हुई है। धोनी ने मुंबई इंडिया के खिलाफ मैच में अपना कौशल दिखाकर जिस प्रकार टीम को जीत दिलाई उससे यह साबित हुआ है। धोनी ने विपरीत हालातों में रन बनाये ओर इसी कारण मुम्बई के हाथ में आई जीत निकल गयी। पठान ने कहा, एमएस धोनी आईपीएल इतिहास में सबसे महान फिनिशर हैं हालांकि हर दर साल इस सूची में कोई न कोई शामिल होता रहा है पर धोनी को कोई नहीं हटा पाया है। वह इस लीग की पहचान हैं। धोनी के अलावा एबी डिविलियर्स भी आईपीएल के सबसे बड़े फिनिशर रहे हैं पर धोनी पहले नंबर पर हैं। पठन ने यह भी कहा कि राहुल तेवतिया, दिनेश कार्तिक, शिमरोन हेटमायर ने भी अब तक अपने अच्छे फिनिशर होने के संकेत दिये हैं पर जब किसी सर्वश्रेष्ठ फिनिशर की बात आती है, तो धोनी का ही नाम सामने आता है। पठान ने यह भी दावा किया कि अंक तालिका में निचले स्तर पर होने के बाद भी सीएसके को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

# मयंक अग्रवाल ने की रबाडा और अर्शदीप सिंह की तारीफ, कहा- दोनों ने बेहतरीन गेंदबाजी की



**मुंबई, (हि.स.)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ सोमवार को मिली जीत के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कैगिसो रबाडा की जमकर तारीफ की। वानखेड़े स्टेडियम में रबाडा और अर्शदीप ने क्रमशः दो और एक विकेट चटकाए जिससे पंजाब ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 11 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद मयंक ने कहा, "अर्श ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, उसने कठिन ओवर फेंके, वह हमारे लिए शानदार रहा। रबाडा ने भी ठीक गेंदबाजी की। रुतुराज और रायुडू के विकेट हमारे लिए महत्वपूर्ण रहे।" उन्होंने कहा, "एक टीम के रूप में हमें स्मार्ट होने के बारे में सोचना होगा। एक बल्लेबाज के रूप में भले ही आप गेंदों को मिस कर दें, लेकिन आपको छोटी बाउंड्री के खिलाफ परिणाम मिलेगा। गति को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। हमें अपनी इस जीत की लय को बरकरार रखते हुए आगे के मैचों में भी जीत दर्ज करनी होगी।" सीएसके के खिलाफ मैच की बात करें तो इस मुकाबले में शिखर धवन के नाबाद 88 रनों की बदौलत पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 187 रन बनाए। धवन के अलावा भानुका राजपक्षे ने 42 रन बनाए। वहीं, लियॉम लिविंगस्टोन ने 7 गेंदों पर 19 रनों की तेज पारी खेली। सीएसके की तरफ से ड्वेन ब्रावो ने 2 और महेश तीक्ष्णा ने 1 विकेट लिया। जवाब में सीएसके की टीम 20 ओवरों में 176 रन ही बना सकी। सीएसके की तरफ से अंबाती रायुडू ने 78 रन बनाए, जबकि रूतुराज गायकवाड़ ने 30 और कप्तान रवीन्द्र जडेजा ने नाबाद 21 रन बनाए। पंजाब की तरफ से ऋषी धवन और कागिसो रबाडा ने 2-2 व संदीप शर्मा और अर्शदीप सिंह ने 1-1 विकेट लिया।

# ओलंपिक खेल गांव में बनेंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम



**नोएडा (ईएमएस)।** ओलंपिक खेल गांव में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाये जाने की योजना है। यमुना अथॉरिटी की बैठक इस माह की 26 अप्रैल को होगी। इसमें ओलंपिक खेल गांव बनाने का प्रस्ताव भी रखे जाने की संभावना है। ऐसे अनुमान हैं कि ओलंपिक खेल गांव दिल्ली खेल गांव से भी बड़ा होगा। इसमें कॉमनवेल्थ, एशियाई और ओलंपिक जैसे बड़े खेलों का आयोजन किया जा सकेगा। ओलंपिक खेल गांव में सभी खेल प्रतियोगिताओं के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाए जाएंग। इसके साथ ही इसमें. खिलाड़ियों के लिए खेल गांव भी बनाया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए मास्टर प्लान तैयार हो रहा है। मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ओलंपिक खेल गांव बनाने की जिम्मेदारी भी दी गई है। कंपनी मास्टर प्लान में ओलंपिक खेल गांव को शामिल करते हुए रिपोर्ट तैयार कर रही है। जानकारों के अनुसार मास्टर प्लान ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स के मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुणवीर सिंह ओलंपिक विलेज बसाने की तैयारियों पर नजर रखे हैं।

# अतिरिक्त रन देना भारी पड़ा : जडेजा



**मुम्बई (ईएमएस)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम को आईपीएल लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इस हार पर निराशा व्यक्त करते हुए सीएसके टीम के कप्तान रविन्द्र जडेजा ने कहा है कि टीम ने जो अतिरिक्त रन दिये उन्हीं से परिणाम प्रभावित हुआ है। सीएसके को पंजाब किंग्स के खिलाफ 11 रनों से करीबी हार का सामना करना पड़ा। जडेजा ने कहा, 'हमने अच्छी शुरूआत की थी। मुझे लगता है कि हमने मैच के अंत में 10-15 रन जो अतिरिक्त दिये उनसे ही हमें नुकसान हुआ। हमने अपनी रणनीति पर सही से काम नहीं किया। पंजाब को अगर हम 175 रन तक रोक लेते तो हमारे लिए अच्छा होता। हम शुरूआत के छह ओवर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, हम यहां पीछे रह गये। इस हार के बाद भी हम वापसी के लिए तैयार हैं।'

# गुजरात को 4-0 से हराकर कर्नाटक सेमीफाइनल में



**मल्लापुरम, (हि.स.)।** कर्नाटक ने ग्रुप बी में गुजरात को 4-0 से हराकर 75वें राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस मुकाबले के 12वें मिनट में सुधीर कोटिकेला ने गोल कर कर्नाटक को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 28वें मिनट में पी कमलेश ने गोल कर अपनी टीम की बढ़त 2-0 कर दी। एक मिनट बाद ही मैच के 29वें मिनट में सुधीर कोटिकेला ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए कर्नाटक की बढ़त 3-0 कर दी। मध्यांतर तक कर्नाटक की टीम 3-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद मैच के 60वें मिनट में मागेस सेल्वा ने गोल कर कर्नाटक को 4-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

# आईपीएल में दिग्गजों के नाकाम होने से टी20 विश्वकप से पहले भारतीय टीम को झटका

**मुम्बई (ईएमएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार दिग्गज खिलाड़ियों के नाकाम होने से आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की तैयारियों को झटका लगा है। मुम्बई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा आरसीबी की ओर से खेल रहे विराट कोहली के असफल होने से भारतीय टीम की भी मुश्किलें बढ़ी हैं। रोहित अब तक बुरी तरह नाकाम रहे हैं। वह 7 पारियों में 16 की औसत से सिर्फ 114 रन ही बना सके हैं। 41 रन उनका उच्चतम स्कोर है. स्ट्राइक रेट 127 का है। वहीं विराट कोहली 8 पारियों में 17 की औसत से सिर्फ 119 रन ही बना सके हैं। अंतिम 2 पारियों में वह पहली ही गेंद पर आउट हो गये। कुल 5 पारियों में वे 10 गेंद का भी सामना नहीं कर सके हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी सिर्फ 123 का है। वहीं ईशान किशन ने शुरूआती 2 मैच में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन अंतिम 5 मैच से वह भी नाकाम रहे हैं।

मुम्बई की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी अपने नाम के अनुरुप प्रभावी नहीं रहे हैं। वह 7 मैच में केवल 4 विकेट ही ले पाये हैं। उनका औसत 50 का है और इकोनॉमी रेट 7.51 का है। वह 7 में से 5 मैच में एक भी विकेट नहीं ले सके। यह टीम प्रबंधन की सबसे बड़ी चिंता है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 8 मैच में 49 की औसत से केवल 6 विकेट ले सके हैं। उनका इकोनॉमी 9.53 की है. विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत भी अब तक 7 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाये हैं। उन्होंने 38 की औसत से 188 रन ही बनाए हैं।

उन्होंने 44 रन की सबसे बड़ी पारी खेली है ओर उनका. स्ट्राइक रेट 154 का है हालांकि. विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और दिनेश कार्तिक ने अच्छा प्रदर्शन किया है और टी20 विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पेश की है।

# कुलदीप यादव ने बताया अपनी सफलता का राज



**मुम्बई (ईएमएस)।** दिल्ली कैपिटल्स के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का प्रदर्शन आईपीएल के इस 15 वें सत्र में अच्छा रहा है। कुलदीप ने इसका कारण बताते हुए कहा है कि उन्हें टीम में अपने अनुसार गेंदबाजी की आजादी मिली है। कुलदीप ने अब तक 13 विकेट लेकर अपनी लय हासिल की है। कुलदीप ने दिल्ली कैपिटल्स के टीम प्रबंधन के साथ ही मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, सहायक कोच शेन वॉटसन सहित तमाम लोगों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें कैपिटल्स में आने के बाद अपने को व्यक्त करने की आजादी मिली है और यहीं से उनका खेल बेहतर हुआ। कुलदीप ने कहा, 'जब आपको अपने को व्यक्त करने की आजादी मिलती है, तब आप हर चीज का आनंद लेने लगते हैं। जब मैंने कैपिटल्स के साथ अपने अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच पोंटिंग से बात की तो उन्होंने मुझसे कहा था कि मैं बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और वह मुझे सभी 14 लीग मैचों में कैपिटल्स के लिए खेलते देखना चाहते हैं। उनके साथ हुई उस बातचीत ने मुझे बहुत प्रेरित प्रेरित किया।' साथ ही कहा, 'वॉटसन ने भी मेरी बहुत सहायता की है। मैं बहुत खुशकस्मित हूं कि मैंने वॉटसन के साथ तीन-चार सत्रों में काम किया है। उन्होंने विशेष रूप से खेल के मानसिक पहलू को लेकर मेरी मदद की। मैंने उनके साथ बहुत सारी बातें साझा की। मैं उनके साथ खुलकर बात करता हूं।' कुलदीप ने कहा कि टीम के कप्तान ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग के कारण भी उन्हें कई विकेट मिले हैं। इस गेंदबाज ने कहा, 'मुझे लगता है कि ऋषभ स्टंप के पीछे महेन्द्र सिंह धोनी की तरह बनते जा रहे हैं। वह अच्छा मार्गदर्शन करता है और मैदान पर शांत भी रहता है।

# हमें पहले छह ओवरों में अच्छी शुरूआत नहीं मिल रही है : रवींद्र जडेजा



**मुंबई, (हि.स.)।** पंजाब किंग्स के खिलाफ 11 रनों से मिली हार से निराश चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रवींद्र जडेजा ने स्वीकार किया कि टीम को आईपीएल 2022 के पहले छह ओवरों में अच्छी शुरूआत नहीं मिल रही है। सीएसके को सोमवार को सीजन की अपनी 6 वीं हार का सामना करना पड़ा। पंजाब द्वारा दिये गए 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की टीम ने पॉवर प्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट पर 32 रन बनाए। मैच के बाद जडेजा ने कहा, "हमने बहुत अच्छी शुरूआत की, लेकिन अंत में 10-15 रन अतिरिक्त दे दिए। हमने अपनी योजनाओं को बहुत अच्छी तरह से क्रियान्वित नहीं किया। रायडू शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। मैंने पहले कहा था, अगर हम उन्हें 175 से कम पर सीमित कर देते तो अच्छा होता।" उन्होंने कहा, "हमें पहले 6 ओवरों में अच्छी शुरूआत नहीं मिल रही है, वहीं हमारी कमी है और उम्मीद है कि हम मजबूत वापसी करेंगे।" इस मुकाबले में शिखर धवन के नाबाद 88 रनों की बदौलत पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 187 रन बनाए। धवन के अलावा भानुका राजपक्षे ने 42 रन बनाए। वहीं, लियॉम लिविंगस्टोन ने 7 गेंदों पर 19 रनों की तेज पारी खेली। सीएसके की तरफ से ड्वेन ब्रावो ने 2 और महेश तीक्ष्णा ने 1 विकेट लिया। जवाब में सीएसके की टीम 20 ओवरों में 176 रन ही बना सकी। सीएसके की तरफ से अंबाती रायुडू ने 78 रन बनाए, जबकि रूतुराज गायकवाड़ ने 30 और कप्तान रवीन्द्र जडेजा ने नाबाद 21 रन बनाए। पंजाब की तरफ से ऋषी धवन और कागिसो रबाडा ने 2-2 व संदीप शर्मा और अर्शदीप सिंह ने 1-1 विकेट लिया।

# हॉकी इंडिया ने पूर्व महिला कप्तान एलवेरा ब्रिटो के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को भारत की पूर्व महिला हॉकी कप्तान और 60 के दशक में हॉकी में लगभग एक दशक तक राज करने वाली तीन प्रसिद्ध ब्रिटो बहनों में सबसे बड़ी एलवेरा ब्रिटो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एलवेरा का मंगलवार सुबह तड़के बेंगलुरु में निधन हो गया। एलवेरा और उनकी दो बहनें रीता और माई महिला हॉकी की पर्याय थीं। उन्होंने 1960 से 1967 के बीच कर्नाटक के लिए खेला, जिसके दौरान उन्होंने अपनी तीन बहनों के साथ सात राष्ट्रीय खिताब जीते। एलवेरा को 1965 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, वह ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और जापान के खिलाफ भारत के लिए खेल चुकी हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोमबम ने कहा, "एलवेरा ब्रिटो के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ।

# मेरा दृष्टिकोण खुद को फिट रखने का है : शिखर धवन



**मुंबई, (हि.स.)।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में सोमवार रात को वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 11 रन की जीत के साथ वापसी की। अपने 200वें आईपीएल मैच में, पंजाब के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 गेंदों पर नाबाद 88 रनों की पारी खेली और पंजाब ने आखिरी ओवर में 11 रन की जीत हासिल की। मैच के बाद धवन ने कहा, " मैं हमेशा अपनी फिटनेस के बारे में बात करता हूं, मैं इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मेरा दृष्टिकोण खुद को फिट रखने का है, जिससे परिणाम खुद ब खुद सकारात्मक आएंगे।" पिच के बारे में धवन ने कहा, "विकेट थोड़ा रुक रहा था, मैंने बड़े शॉट्स के लिए जाने की कोशिश की, लेकिन मैं कनेक्ट नहीं हो सका। लेकिन मैंने खुद को शांत रखा। एक बार जब मैं सेट हो गया, तो मैं बाउंड्री हासिल कर सका। हमारी योजना पहले बल्लेबाजी करते समय गेंदबाजों पर दबाव बनाने और बाउंड्री लगाने की थी। हम बहुत अधिक विकेट नहीं गंवाना चाहते थे।" उन्होंने कहा, "मैं टीम में सीनियर बन गया हूं (हंसते हुए), मैं मैदान पर खिलाड़ियों और अपने कप्तान को बहुत इनपुट देता हूं। युवा बहुत सोचते हैं, कभी-कभी वे कुछ ज्यादा ही सोचने लगते हैं, इसलिए मैं उनके साथ संवाद करने की कोशिश करता हूं। मैं उनसे जीवन में कुछ बड़ा हासिल करने के बारे में बात करता हूं।" सीएसके के खिलाफ मैच की बात करें तो इस मुकाबले में शिखर धवन के नाबाद 88 रनों की बदौलत पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 187 रन बनाए। धवन के अलावा भानुका राजपक्षे ने 42 रन बनाए। वहीं, लियॉम लिविंगस्टोन ने 7 गेंदों पर 19 रनों की तेज पारी खेली। सीएसके की तरफ से ड्वेन ब्रावो ने 2 और महेश तीक्ष्णा ने 1 विकेट लिया। जवाब में सीएसके की टीम 20 ओवरों में 176 रन ही बना सकी। सीएसके की तरफ से अंबाती रायुडू ने 78 रन बनाए, जबकि रूतुराज गायकवाड़ ने 30 और कप्तान रवीन्द्र जडेजा ने नाबाद 21 रन बनाए। पंजाब की तरफ से ऋषी धवन और कागिसो रबाडा ने 2-2 व संदीप शर्मा और अर्शदीप सिंह ने 1-1 विकेट लिया।

# नए संसद भवन में होगा शीतकालीन सत्र, ओम बिड़ला ने जल्दी निर्माण की जताई उम्मीद



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नवंबर और दिसंबर में होने वाला संसद का शीतकालीन सत्र नए संसद भवन में होगा। इस बात की जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दक्षिण-पूर्व एशिया दौरे के पांचवे दिन बिड़ला ने सिंगापुर संसद के स्पीकर तान चुआन जिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। फिलहाल, नए संसद भवन के निर्माण का काम जारी है। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'निमार्णाधीन नए संसद भवन का जिक्र करते हुए बिड़ला ने कहा कि नया संसद भवन 21वीं सदी के नए भारत की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि नए भवन का काम जल्दी पूरा हो जाएगा और अगला शीतकालीन सत्र नए भवन में आयोजित किया जाएगा।' इस मौके पर बिड़ला ने चुआन जिन से कहा कि भारत और सिंगापुर दोनों लोकतांत्रिक शासन में भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देशों के सांसदों के बीच बातचीत लोकतंत्र को मजबूत करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करती हैं। आगे बताया गया कि बिड़ला ने सिंगापुर में बड़ी संख्या में भारतीयों की मौजूदगी और स्थानीय रूप से टैलेंट और मेहनत पहचाने जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने उम्मीद जताई कि सिंगापुर के वर्क पास फ्रेमवर्क में नीति स्तर पर भारतीयों के लिए विपरीत बदलाव नहीं होगा। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि सप्लाई चेन को मजबूत करना आज की दुनिया की नई जरूरत है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को विश्व की सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बनाना है। बिड़ला ने यह भी कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, कुशल और किफायती मानव शक्ति और गतिशील बाजार व्यवस्था सिंगापुर की कंपनियों की बढ़त और समृद्धि के नए मौके दे सकती है।

# कर्नाटक हिजाब मामला: सुप्रीम कोर्ट जल्द कर सकता है सुनवाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट कर्नाटक हिजाब केस पर अगले दो दिन में सुनवाई कर सकता है। आज वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष स्कूलों में हिजाब बैन को बरकरार रखने के कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई की मांग की। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि थोड़ा इंतजार कीजिए। हम 2 दिन में लिस्ट करने की कोशिश करेंगे। कर्नाटक की दो छात्राओं ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में हिंदू सेना के नेता सुरजीत यादव ने भी कैविएट दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक का एकतरफा आदेश न देने की मांग की है। बता दें कि 15 मार्च कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब को इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं कहते हुए शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध के सरकार के निर्णय को बरकरार रखा। हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। हिजाब मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उलेमाओं की संस्था समस्त केरल जमीयतुल उलेमा ने भी याचिका दाखिल की है। इन याचिकाओं में कहा गया है कि कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला इस्लामिक कानून की गलत व्याख्या है। मुस्लिम लड़कियों के लिए परिवार के बाहर सिर और गले को ढक कर रखना अनिवार्य है।

# देश में 5 साल से 12 साल के बच्चों को लगाई जाएगी कोरोना रोधी वैक्सीन

**-दवा नियामक ने दी दो वैक्सीन को मंजूरी**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश में अब 5 से 12 साल आयु वर्ग के बच्चों को भी कोरोना की वैक्सीन लगाई जा सकेगी। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने स्वदेशी दवा निमार्ता कंपनी भारत बायोटेक की कोवैक्सीन और बायोलॉजिकल ई की कोबेवैक्स के आपात इस्तेमाल को मंजूरी प्रदान कर दे दी है।

इसके साथ सीडीएससीओ ने 12 साल से ऊपर के बच्चों के लिए जायकोव डी की दो डोज को मंजूरी दी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने ट्वीट करके कहा कि भारत की कोरोना से लड़ाई को अब और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को सीडीएससीओ ने 6 से 12 साल के उम्र के बच्चों के लिए कोवैक्सीन, 5 से 12 साल के उम्र के बच्चों के लिए कोबेवैक्स और 12 साल से ऊपर के बच्चों के लिए दो डोज वाली जायकोव डी को आपात इस्तेमाल करने के लिए मंजूरी दे दी है।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने पार्टियों के आंतरिक चुनाव पर आयोग से दो हफ्ते में मांगा जवाब




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने राजनीतिक दलों के आंतरिक चुनाव कराने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए निर्वाचन आयोग को दो हफ्ते का समय दिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। हाई कोर्ट ने इस बात को नोट किया कि अक्टूबर 2021 में ही निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया था , लेकिन अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। याचिका वकील सी राजशेखरन ने दायर की है। राजशेखरन मक्कल निधी मैयम (एमएनएम) नामक राजनीतिक दल के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। एमएनएम फिल्म स्टार कमल हासन की पार्टी है। याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक दलों के संविधान में आंतरिक चुनाव कराने की प्रक्रिया शामिल होनी चाहिए। अधिकांश राजनीतिक दलों में आंतरिक चुनाव महज एक धोखा साबित होते हैं और जीतने वाला पहले से ही तय होता है। राजशेखरन ने इसके पहले भी ऐसी याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को प्रतिवेदन के तौर पर विचार करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान राजशेखरन के वकील ने कोर्ट को बताया कि निर्वाचन आयोग ने उनके प्रतिवेदन पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# नवनीत राणा के साथ जेल में बदसलूकी नहीं की गईः गृहमंत्री

**-राज्य सरकार तय समय से पहले लोकसभा सचिवालय को भेजेगी रिपोर्ट**

**-महाराष्ट्र को अशांत नहीं होने देंगे**



**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने कहा कि भायखला महिला जेल में अमरावती क्षेत्र की सांसद नवनीत राणा के साथ किसी भी तरह की बदसलूकी नहीं की गई है। मामले की प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया है, फिर भी इस मामले की गहन छानबीन जारी है और तय समय से पहले इसकी रिपोर्ट लोकसभा सचिवालय को भेज दी जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र को अशांत करने का विपक्ष की ओर से जोरदार प्रयास किया जा रहा है लेकिन किसी भी कीमत पर महाराष्ट्र को अशांत नहीं होने दिया जाएगा। गृहमंत्री ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि नवनीत राणा ने लोकसभा सचिवालय तथा लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर जेल में उनके साथ बदसलूकी करने की शिकायत की थी। इसके बाद लोकसभा सचिवालय से राज्य सरकार को पत्र भेजा गया था। इस पत्र के आधार पर जांच जारी है लेकिन प्राथमिक जांच में नवनीत राणा के साथ किसी भी तरह की बदसलूकी नहीं किए जाने की जानकारी मिली है। इस जांच की रिपोर्ट तय समय से पहले लोकसभा सचिवालय को भेज दी जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि जब से महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी सरकार अस्तित्व में आई है, विपक्ष के साथी खुश नहीं हैं। इसी वजह से विपक्ष के साथी महाराष्ट्र को अशांत करने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र को किसी भी कीमत पर अशांत नहीं होने दिया जाएगा। राज्य में भड़काऊ वक्तव्य करने वालों पर कार्रवाई करने का काम पुलिस खुद ब खुद करने वाली है। गृहमंत्री ने कहा कि लाउडस्पीकर के उपयोग का निर्णय सर्वदलीय बैठक में लिया गया है लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग इसी विषय पर लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। उन पर पुलिस कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

# एनआईए करेगी सुंजवां आतंकी हमले की जांच




**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू संभाग के सांबा जिले में सुंजवां के जलालाबाद में हुए आतंकी हमले की जांच रक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। यह हमला प्रधानमंत्री की रैली के ठीक दो दिन पहले हुआ था। इस हमले के तार पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। हमले के बाद हुई मुठभेड़ में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के दोनों आतंकियों के अफगानी होने की आशंका जताई जा रही है। जम्मू पुलिस ने इस मामले में अभी तक तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी तक की गई जांच के आधार पर यह बात सामने आई है कि आतंकियों ने जम्मू में सुंजवां सैन्य शिविर पर हमले की साजिश पागल जमात नाम की एक टेलीग्राम आईडी का उपयोग करके बनाई थी। सुंजवां में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में सुरक्षा बल का एक जवान शहीद हो गया था और नौ अन्य घायल हो गए थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पल्ली पंचायत में रैली से दो दिन पूर्व हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती दस्ते के दो आतंकी मारे गए थे। इन दोनों के अफगानी होने की आंशका है। इससे पहले भी सुंजवां में दो बार आतंकी हमला हो चुका है और इन हमलों की जांच भी एनआईए ही कर रही है।

# केवी थॉमस और सुनील जाखड़ को दो साल के लिए कांग्रेस से निलंबित करने की सिफारिश



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस की अनुशासन समिति ने मंगलवार को चर्चा कर पंजाब के पूर्व पार्टी प्रभारी सुनील जाखड़ और केरल से पार्टी नेता केवी थॉमस के खिलाफ कार्रवाई संबंधित अपनी सिफारिशें पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दी हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी की अनुशासन समिति ने दोनों नेताओं को पार्टी से दो साल के लिए निलंबित करने की सिफारिश की है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान ही लेगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की पंजाब चुनावों में हार के बाद जाखड़ ने चन्नी को एक साक्षात्कार में भ्रष्टाचारी बताया था। उधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री केवी थॉमस पार्टी के निर्देश के बावजूद राज्य में माकपा की बैठक में शामिल हुए थे । थॉमस राज्यसभा न भेजे जाने से पार्टी से नाराज हैं और सुनील जाखड़ पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए उनकी उम्मीदवारी को अनदेखा किए जाने से नाराज हैं। सूत्रों के मुताबिक केवी थॉमस को सख्त चेतावनी देने और साथ ही उन्हें पार्टी की विभिन्न समितियों से हटाने की सिफारिश की गई है।

अनुशासन समिति की बैठक के बाद पार्टी नेता और समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बताया कि अनुशासन समिति ने मेघालय, पंजाब और केरल से प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है, जिसे अंतिम स्वीकृति के लिए पार्टी अध्यक्ष के पास भेजा गया है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य एके एंटनी की अध्यक्षता वाली अनुशासन समिति ने मंगलवार को दोनों के बारे में विचार किया। इससे पहले अपनी बैठक में अनुशासन समिति ने 11 अप्रैल को पंजाब के पूर्व पार्टी प्रभारी सुनील जाखड़ और केरल से पार्टी नेता केवी थॉमस को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

# जुडिशियल विस्टा निर्माण मामले में 26 जुलाई तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सेंट्रल विस्टा की तर्ज पर देश भर की अदालतों में काम के बेहतरीन माहौल के सुप्रीम कोर्ट के आसपास जुडिशियल विस्टा के निर्माण की मांग पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि ऐसे फैसले तुरंत नहीं लिए जा सकते। वह इस मामले में सरकार से संपर्क में हैं।

मेहता ने इस मामले की सुनवाई चार हफ्ते टालने की मांग की। उसके बाद जस्टिस विनीत सरन की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को करने का आदेश दिया। 25 अप्रैल को कोर्ट ने तुषार मेहता से अपना रुख साफ करने को कहा था। 8 मार्च को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। याचिका सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रेकार्ड अर्धेंदु प्रसाद ने दायर किया है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों, वकीलों और वादियों के लिए जगह अब कम पड़ रही है। मल्टी लेवल कोर्ट रूम, मल्टी लेवल एडवोकेट चैम्बर, अंडरग्राउंड पार्किंग सहित तमाम व्यवस्था की जरूरत है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट परिसर के आसपास के इलाके में जुडिशियल विस्टा का निर्माण किया जाए। ऐसा करना जजों, सुप्रीम कोर्ट के कर्मचारियों, वकीलों और पक्षकारों के लिए काम करने के बेहतर माहौल के लिए जरूरी है।


## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**कला सहयोगी-मोहित शुक्ला, रजनीश**

## सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
• सतीश कुमार जट्टपुरा (करनाल)

## उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।


समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**

**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

**83750 00628**


## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# नवाजुद्दीन ने बेबाक अंदाज में आरआरआर और केजीएफ 2 पर किया कटाक्ष, हिट होने पर उठाया सवाल



**मुंबई (ईएमएस)।** समर्थ और असाधारण अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अदाकारी के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जाने भी पहचाने जाते हैं। वो कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं। उन्होंने हाल ही में केजीएफ-2 और आरआरआर जैसी बड़े बजट की फिल्मों के हिट पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों में सिर्फ विजुअल्स इफेक्ट्स हैं, लेकिन असली सिनेमा कहां है? इसके साथ ही ऐक्टर ने छोटे बजट की फिल्मों को लेकर भी चिंता जताई है। हाल ही में एसएस राजामौली की आरआरआर और प्रशांत नील की केजीएफ 2 थियेटर्स में रिलीज हुई। केजीएफ 2 की बात करें तो ये 14 अप्रैल को रिलीज हुई और उसने ओपनिंग डे पर 134.50 करोड़ रुपये कमा डाले। फिल्म की रिलीज के हफ्ते भर के अंदर इसने वर्ल्डवाइड 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। दूसरी तरफ राजामौली की आरआरआर ने भी बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की, जोकि 25 मार्च को रिलीज हुई थी। इसने चार हफ्तों में 246 करोड़ कमाए और 16 दिनों में वर्ल्डवाइड 1 हजार करोड़ का बिजनस किया। इससे पहले विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' भी रिलीज हुई थी। इसका बजट बहुत ही कम था, लेकिन माउथ पब्लिसिटी की बदौलत फिल्म ने 250 करोड़ कमा लिए और फिल्म की काफी भी हुई। इसमें 90 के दशक में घाटी में कश्मीरी पंडितों के साथ हुई बर्बरता को दिखाया गया था। इसमें अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती सहित तमाम कलाकार थे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बॉलिवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में बड़े और छोटे बजट की फिल्मों को लेकर बहुत कुछ कहा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमर्शियल सिनेमा में मेन लीड को लेकर कॉन्सेप्ट बदला है तो उन्होंने जवाब दिया, 'मुझे नहीं लगता कि ये बदल रहा है... मैंने मंटों में भी मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन इसे देखने के लिए कितने लोग गए? मैंने सोचा कि 2 साल की महामारी के पबाद लोगों ने वर्ल्ड सिनेमा देखा होगा और एक बदलाव होगा, लेकिन जिस तरह की पिक्चर्स अभी हिट हो रही है, ऐसा लगता है कि सलाहियत गई तेल लेने, यहां एंटरटेन करो और सुपरफिशियल लेवल पे एंटरटेन करो लोगों को।' ऐक्टर ने ये भी कहा कि 'अच्छी, मॉडेस्ट, छोटे बजट की फिल्मों' को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए ये एक संघर्ष है, क्योंकि थियेटर्स में सिर्फ बड़े बजट की फिल्में रिलीज होती हैं। ऐसी मूवीज के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'ऐसी फिल्में चकाचौंध और विस्मय पैदा करती हैं कि प्लेन को पानी में डाल दो और मछलियों को उड़ा दो। ये एक विजुअल ऐक्सपीरियंस है, जिसे मैं देखना भी पसंद करता हूं, लेकिन असली सिनेमा कहा हैं? जब आप सीओडीए, किंग रिचर्ड और अच्छी फिल्में ओटीटी पर देखते हैं, भगवान का शुक्र है कि ओटीटी ने हमें बचा लिया है तो आप राहत महसूस करते हैं कि अच्छी फिल्में बन रही हैं। मुझे लगता है कि बच्चों को ये चौंकाने वाली फिल्में पसंद हैं। एक यंग माइंड भी प्रोग्रेसिव माइंड है। हमें 2 साल बाद और प्रोग्रेसिव होना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ।' नवाजुद्दीन अपने नए घर को लेकर सुर्खियों में थे। उन्होंने सपनों की नगरी मुंबई में अपना आशियाना बना लिया है। उनकी ये शाही हवेली उनके बुढाना वाले घर के डिजाइन से मिलती-जुलती है। जब नवाज के नए घर की तस्वीरें सामने आईं तो उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अपकमिंग मूवीज की बात करें तो वो टाइगर श्रॉफ के साथ 'हीरोपंती 2' में नजर आएंगे। ये फिल्म 29 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है और इसमें तारा सुतारियां भी हैं। इस मूवी में नवाज लैला का किरदार निभा रहे हैं और वो अपनी लाजवाब ऐक्टिंग से पहले ही छाप छोड़ चुके हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद नवाज सोशल मीडिया पर छाए रहे। इसके अलावा उनके पास 'टीकू वेड्स शेरू' भी है, जिसमें उनके साथ अवनीत कौर हैं। ये फिल्म कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस में बनी है।

# विवेक ने सालों बाद खोले लव लाइफ से जुड़े राज, बोले जितनी डेट किया उतना ही अकेलेपन से घिरता गया



**मुंबई (ईएमएस)।** विवेक ओबेरॉय उन अभिनेताओं में शामिल हैं जिन्होंने पहली ही फिल्म से बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाने में सफल रहे. उन्होंने करियर के शुरूआती दिनों में एक से बढ़कर फिल्में दीं. विवेक ओबेरॉय अपनी फिल्मों के अलावा लव लाइफ को लेकर भी लगातार चर्चा में रहे.कई एक्ट्रेसेस संग रिश्ते को लेकर उनकी चर्चा लगातार होती रही है. कई एक्ट्रेस के साथ उनका रिश्ता हालांकि कम समय के लिए रहा, लेकिन उन रिश्तों ने सुर्खियों बहुत बटोरी. विवेक ओबेरॉय का ब्रेकअप भी लगातार खबरों में बना रहा. एक समय ऐसा भी आया था जब विवेक ओबेरॉय की कंट्रोवर्सियल लव लाइफ और बड़े सुपरस्टार के साथ पंगों की वजह से प्रोड्यूसर विवेक ओबेरॉय को फिल्म में काम देने से बचने लगे थे. इस वजह से विवेक के हाथों से कई बड़ी फिल्म भी निकल गई। सालों बाद एक्टर ने अपने कंट्रोवर्सियल लव लाइफ को लेकर बात की है. उन्होंने कहा लव लाइफ में खराब अनुभवों के बाद वह एक ऐसे मोड़ पर आ गए थे, जब वो सिर्फ कैजुअल रिलेशनशिप में रहना चाहते थे. विवेक ओबेरॉय ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जितनी लड़कियों को डेट किया उतना ही खुद को अकेला महसूस किया. एक इंटरव्यू में विवेक ओबेरॉय ने कहा रिलेशनशिप में मैंने सबसे अधिक नीचा महसूस किया. इसने मुझे सबसे अधिक चिड़चिड़ा और कड़वा बना दिया। विवेक ओबेरॉय ने कहा ऐसा भी समय आ गया था जब मैं सिर्फ कैजुअल रिलेशनशिप में रहना चाहता था और मैंने ऐसा किया. इस दौरान मैंने जितना डेट किया उतना ही खुद को अकेला महसूस किया. हालांकि, धीरे-धीरे विवेक ओबेरॉय इन सबसे आगे बढ़ गए और 2010 में उन्होंने प्रियंका अल्वा से शादी कर ली और अब वह दो बच्चों के पिता हैं।

विवेक के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने कंपनी फिल्म से डेब्यू किया था. उन्हें इस फिल्म के लिए कई अवॉर्ड शो में बेस्ट डेब्यू एक्टर का भी अवॉर्ड मिला था. एक इंटरव्यू में विवेक ओबेरॉय ने कहा था कंपनी मुझे मेरे टैलेंट पर मिली थी, इसलिए यह मेरे लिए किसी जीत से कम नहीं था. मुझे कई अवॉर्ड शो में बेस्ट डेब्यू और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, तब मैंने अपने पिता की आंखों में खुशी के आंसू देखे थे. वह मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत क्षण है।

# पापा के नाम से नहीं पहचाने जाना चाहते हैं आर माधवन के बेटे




आर माधवन के बेटे वेदांत इन दिनों खबरों में हैं। उन्होंने डेनिश ओपन में मेल के 800 मीटर फ्रीस्टाइल में जीत हासिल की है। इसी इवेंट में उन्होंने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में सिल्वर मेडल जीता था। वेदांत ने दूरदर्शन को दिए इंटरव्यू में कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने में मेरे पैरेंट्स ने बहुत मेहनत की है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मैं अपने पिता की छाया में नहीं रहना चाहता था। इंटरव्यू में वेदांत ने कहा, 'मैं अपने पापा की शैडो में नहीं रहना चाहता था। मैं खुद से अपना नाम बनाना और कमाना चाहता था। मैं सिर्फ आर माधवन का बेटा नहीं बनना चाहता था। मेरे पैरेंट्स ने मेरे लिए काफी एफर्ट्स लगाए हैं। वो हमेशा मेरा ध्यान रखते हैं। दोनों ही बहुत मेहनत करते हैं। मेरे पेरेंट्स ने मेरे लिए बहुत ज्यादा त्याग किए हैं, दुबई में शिफ्ट होना उनमें से एक है।' माधवन चाहते थे कि वेदांत को सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता के लिए सबसे अच्छी सुविधाएं मिलें। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, "मुंबई में बड़े स्विमिंग पूल या तो कोविड के कारण बंद हैं, या फिर वहां सुविधाएं नहीं हैं। हम यहां दुबई में वेदांत के साथ हैं, जहां वो बड़े पूल में ट्रेनिंग लेता है। वह ओलंपिक के सपने को सच करने में जुटा है। उसकी इस कोशिश में सरिता और मैं हमेशा उसके साथ हैं।"

# अभिनेत्री भूमि पेडनेकर 'द लेडी किलर' आएंगी नजर, मनाली में होगी शूटिंग



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी अदाकारी से प्रशंसकों के दिल में खासी जगह बनाई है। अब वे अजय बहल की फिल्म 'द लेडी किलर' में नजर आएंगी। वे मनाली में शूटिंग की तैयारी में लगी हुई हैं, जिसमें वह अर्जुन कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में अर्जुन एक प्लेबॉय का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे, जिसे भूमि से प्यार हो जाता है। अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए भूमि ने बताया कि, "मुझे घूमना अच्छा लगता है। मुझे इस पेशे से बहुत प्यार है, इसमें कई नई जगहों पर घूमने को मिलता है। मनाली में मैंने पहली बार शूटिंग की है।" यात्रा एक कलाकार के रूप में उनके लिए कई पहलुओं को जोड़ती है, उन्होंने आगे कहा "एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में मेरी यात्रा मुझे गहराई से प्रेरित करती है। मैं 'द लेडी किलर' को शुरू करने से पहले कड़ी मेहनत कर रही हूं। फिल्म का कंटेट अच्छा है।" मैं अर्जुन के साथ भी पहली बार काम कर रही हूं और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि हम अजय बहल की पटकथा को जीवंत करने के लिए कैसे भूमिका को परिभाषित करते हैं। भूमि के पास आने वाले समय में बहुत फिल्में हैं। भूमि अनुभव सिन्हा की 'भीड़', शशांक खेतान की 'गोविंदा नाम मेरा', अक्षय कुमार-स्टारर 'रक्षा बंधन', सुधीर मिश्रा की 'अफवा' और गौरी खान की 'भक्षक' में नजर आएंगी।

# केजीएफ-2 की सुनामी के सामने धुटने टेकती दिख रही शाहिद कपूर की जर्सी



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता शाहिद कपूर की मूवी जर्सी कई रुकावटों के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो गई, लेकिन कमाई के मामले में फिल्म कुछ कमाल नहीं कर सकी है। बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार यश की केजीएफ-2 की सुनामी में शाहिद की जर्सी घुटने टेकती हुई नजर आ रही है। धीमी शुरूआत के बाद फिल्म खिसक-खिसक कर मुश्किल से आगे बढ़ रही है।शाहिद स्टारर फिल्म जर्सी की शुरूआत काफी ठंडी हुई। पहले दिन फिल्म ने सिर्फ 4 करोड़ रुपये की कमाई की थी। हालांकि, दूसरे दिन फिल्म की कमाई ने हल्की उछाल के साथ 5.50 करोड़ का कलेक्शन किया था। अब फिल्म के तीसरे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। ट्रेड एनालिस्ट के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे दिन 5 करोड़ की कमाई की है। कुल मिलाकर फिल्म ने तीन दिन में करीब 14 करोड़ का ही कलेक्शन किया है। बता दें कि साल 2019 में आई शाहिद कपूर की फिल्म कबीर सिंह ने 275 करोड़ से भी ज्यादा कलेक्शन किया था, शाहिद की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म जर्सी उसकी 10 प्रतिशत कमाई करने में भी स्ट्रगल करती दिख रही है। जर्सी का फ्लॉप शो देखकर ये तो साफ है कि केजीएफ-2 की आंधी में शाहिद की फिल्म कहीं उड़ गई है। ये फिल्म साउथ की हिट मूवी जर्सी की रीमेक है। जर्सी के हिंदी रीमेक में शाहिद कपूर के साथ पंकज कपूर और मृणाल ठाकुर भी अहम रोल में नजर आए।


# एक फिल्म के लिए सामंथा चार्ज करती हैं 8 करोड़ रुपए



साउथ फिल्म इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ कर रही है। हिंदी भाषा दर्शकों को भी साउथ की फिल्मों का एक्शन और कहानियां बहुत पसंद आती हैं। पिछले कुछ समय में बाहुबली, पुष्पा जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दम खूब दिखाया है। यही वजह है कि अब साउथ इंडस्ट्री में सिर्फ एक्टर का ही बोलबाला नहीं है बल्कि एक्ट्रेसेस भी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय का खूब जलवा दिखा रही हैं। सबसे ज्यादा फीस चार्ज करने के लिस्ट में पहले नंबर पर सामंथा रुथ प्रभु का नाम है। हाल ही में पुष्पा के आइटम सॉन्ग के लिए ऐक्ट्रेस ने 5 करोड़ रुपए चार्ज किए थे। इस आइटम सॉन्ग के बाद चर्चा में रहीं सामंथा ने अपने फीस बढ़ा दी है। सामंथा अपनी फिल्मों के लिए करीब 3 से 8 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं।

तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में नजर आनी वाली नयनतारा सबसे ज्यादा फीस चार्ज करने के लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नयनतारा अपनी एक फिल्म के लिए करीब 5 से 7 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। एसएस राजामौली की बाहुबली फेम एक्ट्रेस अनुष्का भी टॉप कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस के लिस्ट में ऊपर है। अनुष्का भी अपनी फिल्मों के लिए करीब 6 करोड़ रुपये लेती हैं।

# अभिनेत्री कंगना रनोट बचपन में हुई थीं सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकार



लॉक-अप की होस्ट कंगना रनोट ने ऑनगोइंग रियलिटी शो में एक खुलासा किया है। कंगना ने बताया कि बचपन में उन्हें सेक्शुअली असॉल्ट किया गया था। दरअसल, शो के एक कंटेस्टेंट मुनव्वर ने बताया कि वो बचपन में सेक्शुअल हैरेसमेंट का शिकार हुए थे। मुनव्वर की बात सुनकर कंगना को भी अपने बचपन का ये इंसिडेंट याद आ गया। मुनव्वर ने अपना सीक्रेट बताते हुए कहा, "जब मुझे सेक्शुअली हैरेस किया गया तब मैं महज 6 साल का था और मेरे 11 साल के होने तक ये सब चलता रहा। मेरे ही दो रिश्तेदारों ने मुझे 4-5 सालों तक असॉल्ट किया। उस वक्त मैं छोटा था और इन सब बातों का मुझे कुछ समझ नहीं आता था। 4-5 साल बाद एक बार जब ये बहुत ज्यादा हो गया तो उन दोनों को लगा कि अब मुझे छोड़ देना चाहिए।" मुनव्वर ने आगे बताते हुए कहा कि उन्होंने इस बारे में किसी को नहीं बताया, लेकिन एक बार जब उन्होंने अपने पिता को इस बारे में बताया तो वो काफी गुस्सा हुए और बोले ऐसी बातें बाहर नहीं आनी चाहिए। कंगना ने मुनव्वर की उनका सीक्रेट शेयर करने के लिए अप्रिशिएट किया और कहा, "हर साल बहुत सारे बच्चों को इसका शिकार होना पड़ता है, लेकिन हम पब्लिक प्लेटफॉर्म पर इसके बारे में बात नहीं करते। कहीं न कहीं हम सभी को इस चीज का शिकार होना पड़ा है। मैंने भी इस चीज का सामना किया है। मैं जब छोटी थी तो मेरे शहर का एक लड़का मुझे गलत तरीके से छूता था। उस वक्त मुझे नहीं पता था कि इसका मतलब क्या होता है, आपकी फैमिली कितनी भी प्रोटेक्टिव क्यों न हो, सारे बच्चों को इसका सामना करना पड़ता है।"

# ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी 'सलाम नोनी आपा' पर बनेगी फिल्म




फिल्म अभिनेत्री व लेखिका ट्विंकल खन्ना लम्बे समय से अभिनय जगत से दूर हैं, लेकिन उन्हें लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी 'सलाम नोनी आपा' पर फीचर फिल्म बनने जा रही है।इस फिल्म का निर्देशन सोनल डबराल करेंगे। हालांकि इस फिल्म का टायटल अभी तय नहीं हुआ है।ट्विंकल ने अपनी पोस्ट में बताया है कि इसके लिए अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने एलिप्सिस एंटरटेनमेंट और मिसेज फनीबोन्स मूवीज के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म के बारे में ट्विंकल खन्ना का कहना है, सलाम नोनी आपा, मेरी दूसरी किताब से है, जो मेरी दादी और उनकी बहन के बीच रिलेशंस पर बेस्ड है। इस पर पहले प्ले भी हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार ट्विंकल की शार्ट स्टोरी पर बन रही ये फिल्म प्रगतिशील, संवेदनशील, हास्य से भरपूर होगी। फिलहाल फिल्म के टायटल के साथ-साथ फिल्म के कास्ट को भी लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## सूडोकु नवताल- 6053

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्दजाल - 6800

शब्दजाल में 'आमिर खान' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | रं | गी | ला | न | ल | क |
| दि | म | ल | रु | व | ग | गी | र | इ | ट | ली |
| ल | स | मं | ल | द्र | दे | पु | चं | पा | व | त |
| क | व | ग | य | पु | ब | न | प | न | ल | ज |
| क | क | ल | ग | श्री | सं | या | तू | ग | झ | वा |
| जी | क | पां | व | ह | ती | पू | ग | ण | घ | नी |
| उ | आ | डे | न | ल | ल | ल | श | र | ला | जिं |
| क | त्त | दा | ई | गा | व | क | फ | लो | श | दा |
| च | बा | जी | न | न | जी | ल | री | ग | प | बा |
| मो | पा | ल | का | व | ह | इ | श्क | र | प | द |
| ली | क | ल | रा | ख | न | रा | बा | द | प | र |

लव लव लव,लगान,राख,दिल, जवानी जिंदाबाद, रंग दे बसंती, मंगल पांडे, रंगीला, बाजी, इश्क

### शब्दजाल - 6799 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | ग | म | गा | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | चे | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| व | रा | र | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ला | ती | झ़ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | म | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5753

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 2 | 3 | 7 | | 6 |
| 6 | 29 | | 40 | | 38 | 1 |
| | 1 | 4 | 6 | | 2 | |
| 2 | 24 | | 34 | | 32 | 4 |
| 5 | | 3 | | 4 | 7 | |
| | 31 | | 30 | | 32 | 5 |
| 7 | | 1 | | 2 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5752 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 34 | 5 | 28 | 2 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 31 | 6 | 33 | 4 | 28 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 33 | 3 | 33 | 6 | 34 | 4 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in